दैनिक

# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

2009 से स्थापित

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-171 | झुंझुनू (राजस्थान) | शुक्रवार, 15 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जो व्यक्ति दूसरों के जीवन में रोशनी फैलाने का प्रयास करता है, उसके अपने रास्ते भी कभी अंधेरे नहीं रहते। इंसान की असली पहचान उसके धन से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार, संवेदना और कर्मों से होती है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार

Contact No. 9983040937

मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

### 'जब सपनों पर चला बुलडोजर: परशुरामपुरा स्टेडियम विवाद और राजनीति का कठोर चेहरा'

कहा जाता है कि किसी समाज की असली ताकत उसके युवा होते हैं, और युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम खेल, शिक्षा और रचनात्मक मंच होते हैं। लेकिन जब उन्हीं मंचों पर बुलडोजर चलने लगे, तब सवाल केवल एक भवन के टूटने का नहीं रह जाता, बल्कि यह जनभावनाओं, उम्मीदों और लोकतांत्रिक संवेदनशीलता के टूटने का विषय बन जाता है। झुंझुनूं जिले के परशुरामपुरा में करोड़ों रुपये की लागत से बने राजीव गांधी खेल स्टेडियम को ध्वस्त किए जाने के बाद उपजा जनाक्रोश इसी पीड़ा का प्रतीक है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

यह मामला केवल भूमि विवाद या प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं है। गांव-कस्बों के युवाओं के लिए यह स्टेडियम एक सपने जैसा था। यहां खेलते हुए बच्चों की आंखों में खिलाड़ी बनने की उम्मीद थी। गांव के माता-पिता अपने बच्चों को नशे, अपराध और बेरोजगारी से दूर रखने के लिए खेल मैदान को सबसे सुरक्षित विकल्प मानते थे। लेकिन जब उसी मैदान पर बुलडोजर चला, तो लोगों ने इसे केवल ईंट-पत्थरों का ढहना नहीं, बल्कि युवा सपनों का बिखरना माना। राजनीतिक गलियारों में इस घटना को लेकर चर्चाएं तेज हैं। जनता के बीच यह धारणा तेजी से बन रही है कि यह कार्रवाई केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का परिणाम है। क्योंकि आम व्यक्ति यह सवाल पूछ रहा है कि यदि भूमि विवाद था, तो क्या इसका समाधान किसी वैकल्पिक तरीके से नहीं निकाला जा सकता था? क्या खेल स्टेडियम को बचाने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर कोई रास्ता नहीं निकाल सकते थे? आखिर क्यों हर बार विकास कार्य ही राजनीतिक टकराव का शिकार बनते हैं?

पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा द्वारा अपने पैतृक क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विस्तार करवाना स्थानीय लोगों के लिए गौरव का विषय था। ग्रामीणों का मानना है कि जिस क्षेत्र में युवाओं के पास रोजगार और संसाधनों की कमी हो, वहां खेल मैदान आशा का केंद्र बनते हैं। यही कारण है कि स्टेडियम टूटने के बाद लोगों की सहानुभूति स्वाभाविक रूप से उस पक्ष के साथ दिखाई दे रही है, जिसने इसे बनवाया था। गांवों में लोग यह चर्चा करते नजर आ रहे हैं कि 'जो नेता सपने बनाता है, जनता उसके साथ खड़ी रहती है; और जो सपनों को तोड़ता है, जनता उसे कभी माफ नहीं करती।' हालांकि प्रशासन और सरकार की ओर से यह तर्क दिया जा रहा है कि स्टेडियम जिस भूमि पर बना था, वह गोचर अथवा जल प्रवाह क्षेत्र की भूमि थी और न्यायालय के आदेश की पालना आवश्यक थी। कानून का सम्मान लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। लेकिन यहां सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब करोड़ों रुपये खर्च करके निर्माण हो रहा था, तब संबंधित विभागों, अधिकारियों और प्रशासन की आंखें क्यों बंद थीं? यदि भूमि विवादित थी, तो निर्माण की अनुमति किसने दी? जनता पूछ रही है कि गलती यदि तंत्र की थी, तो उसकी सजा युवाओं और ग्रामीणों को क्यों दी गई? यही कारण है कि यह घटना केवल कानूनी मुद्दा नहीं रही, बल्कि जनभावनाओं का प्रश्न बन चुकी है। लोगों को लग रहा है कि राजनीति अब सेवा नहीं, बल्कि शक्ति प्रदर्शन का माध्यम बनती जा रही है। बुलडोजर आज केवल अवैध निर्माण हटाने का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि वह राजनीतिक संदेश देने का हथियार भी बनता दिखाई दे रहा है। दुर्भाग्य यह है कि इस शक्ति प्रदर्शन की सबसे बड़ी कीमत आम जनता और युवा पीढ़ी को चुकानी पड़ रही है।


यह भी विचारणीय है कि गांवों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की बात हर सरकार करती है। ओलंपिक पदक आने पर खिलाड़ी देश के 'हीरो' घोषित किए जाते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर खेल मैदानों को बचाने की संवेदनशीलता कहीं दिखाई नहीं देती। एक तरफ सरकारें 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' जैसे अभियान चलाती हैं, दूसरी तरफ ग्रामीण खेल संसाधनों को बचाने में असफल रहती हैं। यह विरोधाभास जनता को विचलित करता है। परशुरामपुरा की घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या विकास केवल राजनीतिक दलों की जागीर बन गया है? क्या हर नया निर्माण सत्ता परिवर्तन के साथ दुश्मनी का शिकार होगा? यदि ऐसा हुआ, तो जनता का लोकतंत्र और विकास दोनों से विश्वास उठ जाएगा। लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि सरकारें बदलती हैं, लेकिन जनहित के कार्य जारी रहते हैं। यदि हर नई सत्ता पुरानी योजनाओं पर बुलडोजर चलाएगी, तो विकास की निरंतरता समाप्त हो जाएगी। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार और प्रशासन जनभावनाओं को समझे। यदि भूमि संबंधी त्रुटि थी, तो उसके समाधान के लिए जनता के साथ संवाद होना चाहिए था। युवाओं के लिए वैकल्पिक खेल मैदान, नई खेल सुविधाएं और पुनर्वास की स्पष्ट योजना सामने रखी जानी चाहिए थी। लोकतंत्र केवल आदेश देने का नाम नहीं, बल्कि संवेदनाओं को सुनने का भी नाम है। इतिहास हमेशा केवल यह नहीं याद रखता कि किसने बुलडोजर चलाया, बल्कि यह भी याद रखता है कि किसने जनता के सपनों की रक्षा की। परशुरामपुरा का टूटा हुआ स्टेडियम आने वाले समय में शायद फिर बन जाए, लेकिन इस घटना ने जनता के मन में जो सवाल खड़े किए हैं, उनका जवाब राजनीति को देना ही होगा।

# ऑनलाइन जनगणना में जयपुर और सीकर सबसे आगे:जैसलमेर सबसे पीछे

## प्रदेश में अब तक केवल 10.21 लाख परिवारों ने ब्यौरा दिया

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** पहली बार शुरू की गई ऑनलाइन जनगणना में अब तक राजस्थान के 10 फीसदी से कम परिवारों ने ही ब्यौरा भरा है। 13 दिन में सिर्फ 10.21 लाख परिवारों ने ब्यौरा भरा है। बता दें कि 2011 की जनगणना के वक्त राजस्थान में 1.26 करोड़ परिवार थे। इनकी संख्या अब और बढ़ गई है। जनगणना की वेबसाइट पर ऑनलाइन ब्यौरा भरने की 15 मई आखिरी तारीख है, इसके बाद पॉर्टल पर लिंक बंद हो जाएगा। ऑनलाइन जनगणना में जयपुर जिला पहले और सीकर दूसरे स्थान पर है। जयपुर में 2.03 लाख और सीकर में 1.08 लाख परिवारों ने खुद जनगणना की है। तीसरे स्थान पर चूरू जिला है। यहां 44, 965 लोगों ने खुद जनगणना की है।




### संभाग मुख्यालयों वाले 5 जिले ऑनलाइन जनगणना में पिछड़े

संभाग मुख्यालयों वाले 5 जिले ऑनलाइन जनगणना में पिछड़ गए हैं। जयपुर, जोधपुर को छोड़ संभाग मुख्यालयों वाले जिलों में 20 हजार से कम परिवारों ने खुद जनगणना की है। इनमें जोधपुर में 36874, उदयपुर में 19921, कोटा में 19238, बीकानेर में 15,811, अजमेर में 15363, भरतपुर में 12,143 परिवारों ने खुद जनगणना की है। प्रदेश में जनगणना के पहले फेज में अब 16 मई से घर-घर जाकर जनगणना कर्मचारी मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का काम करेंगे। इसमें 34 सवालों के जवाब भरे जाएंगे। जनगणना का दूसरा फेज अगले साल होगा जिसमें जातिगत जनगणना भी होगी।

### ऑनलाइन जनगणना में 34 में से 29 सवालों के जवाब भरने हैं

बता दें कि कोई भी https//se.census.gov.in/ पर क्लिक करके 10 मिनट में जनगणना से जुड़े सवालों के जवाब दे सकता है। जिन लोगों ने पोर्टल पर खुद जनगणना का ब्यौरा भरा है, उनके घरों पर जनगणना कर्मचारी जाएंगे और ऑनलाइन भरे गए ब्यौरे की जांच करेंगे।ऑनलाइन पोर्टल पर 34 में से 29 सवालों के जवाब देने हैं। 4 सवालों के जवाब जनगणना कर्मचारी आपके घर आएंगे, तब भरेंगे। लाइन संख्या, भवन संख्या, मकान संख्या और जनगणना के मकान का वास्तविक उपयोग क्या हो रहा है। इसके जवाब जनगणना कर्मचारी भरेंगे।

## नगर कांग्रेस कमेटी ने सिलारपुर में मनाया 'उमंग उत्सव', नवजात बच्चियों को किया सम्मानित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'बच्ची के जन्म को उमंग उत्सव' अभियान के तहत बुधवार को नगर अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में ग्राम सिलारपुर में कार्यक्रम आयोजित कर नवजात बच्चियों का सम्मान किया गया। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बच्चियों के घर पहुंचकर मोमेंटो, खिलौने एवं मिठाइयां भेंट कर परिवारों को बधाई दी। कार्यक्रम में सरजीत यादव व रीना देवी की पुत्री राधिका तथा उसके दादा सागरमल एवं दादी सावित्री देवी का सम्मान किया गया। साथ ही पंकज कुमार व बबीता देवी की पुत्री लक्ष्मी तथा उसके दादा त्रिलोक चंद शर्मा एवं दादी अमिता देवी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी ने कहा कि बेटियों का जन्म उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए। समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कार्यकर्ता कैप्टन धर्मपाल, नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, सचिव बच्छराज, देवेंद्र कुमार जोशी, इंदर एडवोकेट, बलबीर सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने नगर कांग्रेस की इस पहल की सराहना की और इसे समाज में बेटियों के सम्मान की दिशा में सराहनीय कदम बताया।



## कैंब्रिज स्कूल सिमनी का शानदार प्रदर्शन, 12वीं सीबीएसई परिणाम रहा शत-प्रतिशत

### तीनों संकायों में विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम, 20 छात्रों ने प्राप्त किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.सिंघाना।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज स्कूल सिमनी ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। विद्यालय का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, साफा बांधकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक रहीश यादव ने बताया कि वाणिज्य संकाय में साक्षी पुत्री रवि कुमार ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कला संकाय में अंजली यादव पुत्री कृष्ण कुमार ने 96.40 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय में अंशु पुत्र वीरेंद्र ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इसके अतिरिक्त कनक डांगी पुत्री रमेश कुमार ने 95.40 प्रतिशत, तनु पुत्री रामपाल यादव ने 94.60 प्रतिशत, सोनम पुत्री जयपाल ने 94.40 प्रतिशत, विशु पुत्री जयपाल ने 94 प्रतिशत, करीना पुत्री जगदीश प्रसाद ने 93.80 प्रतिशत, अहित पुत्री रोहिताश ने 92.60 प्रतिशत, भूमिका भूरिया पुत्री राजपाल सिंह ने 92.20 प्रतिशत, अंतिम पुत्री जयवीर ने 92 प्रतिशत, निशा पुत्री हरिराम ने 91.80 प्रतिशत, करिश्मा पुत्री राजाराम ने 91.80 प्रतिशत, साहिल पुत्र कृष्ण कुमार ने 91.60 प्रतिशत, जोया निर्मल पुत्री सतीश कुमार ने 91.40 प्रतिशत, जयंत पुत्र शक्ति सिंह ने 90.60 प्रतिशत, ईशु पुत्री दिनेश कुमार ने 90.40 प्रतिशत तथा साक्षी पुत्री कैलाश चंद्र ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के कुल 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



संस्था निदेशक रहीश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासित, संस्कारवान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। प्रधानाचार्य रविंद्र जांगिड़ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला बताया। कैंब्रिज ग्रुप के सचिव हरि कृष्ण यादव ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आरबीएसई प्रधानाचार्य सुनील राव, ए ब्लॉक प्रधानाचार्या राजेश यादव, सी ब्लॉक प्रधानाचार्या काजल डुडेजा, विद्यानंद यादव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## रसीदपुर में आशियानों पर मंडराया बुलडोजर का साया, जनसुनवाई में फूटा ग्रामीणों का आक्रोश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** ग्राम पंचायत रसीदपुर में प्रस्तावित तोड़फोड़ की कार्रवाई को लेकर गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। सैकड़ों ग्रामीण जनसेवक भुवनेश त्रिवेदी एडवोकेट के नेतृत्व में जनसुनवाई में पहुंचे और विकास अधिकारी सुनील कुमार तथा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपने आशियानों को बचाने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने प्रशासन पर ग्राम सभा के प्रस्ताव की अनदेखी करने और मास्टर प्लान की आड़ में गरीबों को बेघर करने का गंभीर आरोप लगाया।ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा में पूर्व में स्पष्ट प्रस्ताव पारित किया गया था कि गांव में जहां से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली आसानी से निकल सकें, वहां किसी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं की जाएगी, लेकिन अब प्रशासन द्वेषतापूर्ण तरीके से पैमाइश कर वर्षों पुराने पट्टेशुदा मकानों, दुकानों और धार्मिक स्थलों तक को निशाने पर ले रहा है। जनसुनवाई में ग्रामीणों का दर्द उस समय छलक पड़ा जब महिलाओं और बुजुर्गों ने अधिकारियों से सवाल किया कि यदि उनके सिर से छत छीन ली गई तो वे आखिर अपने बच्चों को लेकर कहां जाएंगे। ग्रामीणों ने मांग की कि किसी भी कार्रवाई से पहले प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव में पहले से ही राजमार्ग सहित करीब दस प्रमुख सड़कें निकल रही हैं, इसके बावजूद कुछ प्रभावशाली भू-माफियाओं की कॉलोनियों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए गरीब परिवारों के मकानों को हटाने की साजिश रची जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि विकास के नाम पर यदि केवल कमजोर वर्ग को उजाड़ा जाएगा तो यह सामाजिक न्याय और प्रशासनिक संवेदनशीलता दोनों पर बड़ा सवाल खड़ा करेगा। जनसुनवाई के दौरान गांव की अन्य मूलभूत समस्याएं भी जोरदार तरीके से उठाई गईं। ग्रामीणों ने पेयजल संकट, एक्सप्रेस फीडर चालू नहीं होने, विद्यालय में विज्ञान संकाय की कमी और बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन को घेरा। ग्रामीणों का कहना था कि गांव की वास्तविक समस्याओं के समाधान के बजाय प्रशासन गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में जुटा है।



माहौल उस समय और अधिक गंभीर हो गया जब ग्रामीणों ने दोटूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनके आशियानों पर जबरन बुलडोजर चलाया गया तो वे किसी भी हद तक जाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की अनहोनी, तनाव या शांति भंग की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। जनसुनवाई में कल्लू खान, गिर्राज गुप्ता, धर्मेंद्र जैन, दयाचंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं 52 शिकायतें, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के मौके पर निपटारे के लिए शुरू किए गए समाधान शिविर धरातल पर प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को लघु सचिवालय नारनौल में आयोजित विशेष शिविर के दौरान एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने जनता की समस्याओं को सुना। शिविर में कुल 52 नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज करवाईं, जिन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुरुवार के शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र यानी पीपीपी में त्रुटियां, प्रॉपर्टी आईडी की खामियां, बिजली-पानी की आपूर्ति और पुलिस विभाग से संबंधित मामले सामने आए। एसडीएम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाना है ताकि लोगों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर लघु सचिवालय और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे तक ये शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर, नगराधीश डॉ. मंगलसेन और डीएसपी सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें।

## पेट्रोल-डीजल रू3-3 प्रति लीटर महंगे हुए

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**नई दिल्ली ।** पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 94.77 रुपए की जगह 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 87.67 से बढ़कर 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद ये बढ़ोतरी की गई है।

# झुंझुनूं पुलिस ने 10 मनचलों को दबोचा

## सादा वर्दी में तैनात है महिला पुलिसकर्मी, आठ दिन तक चला अभियान

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**झुंझुनूं ।** झुंझुनूं में महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले 10 मनचलों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी संतरा (उपनिरीक्षक), प्रभारी कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और निर्भया स्क्वॉड को सौंपी गई थी। अभियान के दौरान कालिका पेट्रोलिंग और निर्भया स्क्वॉड की महिला कॉन्स्टेबलों को सादा वर्दी (सिविल ड्रेस) में तैनात किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने शहर के उन संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी रखी, जहां अक्सर महिलाओं और छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसमें सरकारी अस्पताल, मॉल, बस स्टैंड, सिटी क्षेत्र, स्कूल, कोचिंग संस्थान, पार्क, पर्यटन स्थल और प्रमुख बाजार शामिल रहे।




### इन आरोपियों को पकड़ा

पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया उनमें सलीम पुत्र अब्बास (43) निवासी वार्ड नंबर 22, गुढ़ा मोड़ झुंझुनूं, गौतम पुत्र महेश (28) निवासी मोरवा थाना पिलानी, दुष्यंत पुत्र करणसिंह (25) निवासी केहरपुरा थाना पिलानी, जयप्रकाश पुत्र रघुवीर सिंह (30) निवासी दड़िया का बास थाना सदर झुंझुनूं, साहिल पुत्र सुनिल कुमार (20) निवासी बिगोदना थाना पिलानी, सोहनलाल पुत्र बाबूलाल (20) निवासी डुलानियां थाना पिलानी, भवानी सिंह पुत्र रामसिंह (23) निवासी लिखवा थाना पिलानी, मोहम्मद जुनेद पुत्र मोहम्मद अली (19) निवासी स्काईलाइन अस्पताल के पास झुंझुनूं, मोहम्मद इंसाफ पुत्र मोहम्मद युसुफ (20) निवासी वार्ड नंबर 58 अंसारी कॉलोनी झुंझुनूं और अंकित पुत्र रामजीलाल (21) निवासी चुड़ेला थाना धनूरी शामिल हैं।

### 8 दिन में पकड़े 10 मनचले

7 मई 2026 से 14 मई 2026 तक चले इस सघन डिकॉय ऑपरेशन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं और महिलाओं पर अश्लील टिप्पणियां करने तथा उन्हें परेशान करने वाले 10 मनचलों को चिन्हित किया। इसके बाद सभी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद है किशमिश का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक किशमिश ही नहीं, किशमिश का पानी भी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर आप हर रोज किशमिश का पानी पीते हैं, तो आपके पूरे शरीर पर ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं। सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार बनने से बचने के लिए भी आप औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को पीना शुरू कर सकते हैं।

### किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किशमिश का पानी आपकी किडनी के फंक्शन को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा इस ड्राई फ्रूट का पानी लिवर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी कारगर साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए ये एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

### मजबूत बनाए दिल की सेहत



अगर आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पर काबू पाना चाहते हैं, तो किशमिश का पानी पीना शुरू कर दीजिए। किशमिश का पानी पीने से आप अपने दिल की सेहत को मजबूत बनाकर दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं। इसके अलावा फाइबर रिच किशमिश का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

क्या आप जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाकर अपनी हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको किशमिश के पानी को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। इसके अलावा एनीमिया से बचने के लिए भी किशमिश का पानी पीने की सलाह दी जाती है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से किशमिश का पानी पीना बेहद जरूरी है।

# विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग

विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।



### सिर में दर्द/चक्कर

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

### हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

### त्वचा के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।

# फंगल इंफेक्शन किस विटामिन की कमी से होता है?

क्या आपको भी बार-बार फंगल इंफेक्शन की समस्या से जूझना पड़ता है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में किसी जरूरी पोषक तत्व की कमी पैदा हो गई हो। अगर किसी विटामिन की कमी के कारण आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो आपको जल्द से जल्द इस विटामिन डेफिशिएंसी को दूर करने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। आइए फंगल इंफेक्शन का कारण बनने वाले इस जरूरी पोषक तत्व के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

### विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी न केवल आपकी सेहत को बल्कि आपकी त्वचा को भी बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पैदा हो गई है, तो आपको बार-बार फंगल इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा इस जरूरी पोषक तत्व की कमी कैंडिड संक्रमण के खतरे को भी बढ़ा सकती है।


### विटामिन सी की कमी

विटामिन डी के अलावा विटामिन सी की कमी भी आपकी त्वचा की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। विटामिन सी की कमी की वजह से आपके इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है जिसकी वजह से आपके फंगल इंफेक्शन को ठीक होने में भी ज्यादा समय लग सकता है।

### दूर करें डेफिशिएंसी

विटामिन डी और विटामिन सी की कमी को दूर करने के लिए आपको अपने डाइट प्लान में थोड़े-बहुत बदलाव करने की जरूरत है। विटामिन डी की कमी को दूर करने के लिए गाय का दूध, मशरूम, अंडे की जर्दी का सेवन किया जा सकता है। विटामिन सी रिच संतरा, किवी, ब्रोकली, टमाटर और शिमला मिर्च का सेवन कर आप इस विटामिन की कमी को दूर कर सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाने-पीने की इन चीजों को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है।





# सुबह वॉक करने से पहले इन ज़रूरी बातों का रखें खास ध्यान

**सुबह के समय वॉक करने से दिनभर ताजगी का अनुभव होता है। सुबह की वॉक सिर्फ शारीरिक सेहत ही नहीं बल्कि मानसिक सेहत के लिहाज़ से भी बेहद फायदेमंद है। इसलिए अपने आप को फिट और ऊर्जा से भरपूर रखने के लिए लोग सुबह के समय वॉक करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सुबह की वॉक से पहले आपको इन कुछ ज़रूरी बातों का ख़ास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप सुबह वॉक से पहले इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो फायदे की जगह आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।**

### वॉक से पहले पानी ज़रूर पिएं

जब आप उठते हैं तो आपके शरीर में पहले से ही पानी की कमी हो रही होती है। आप 6-8 घंटे तक एक घूंट भी पानी पिए बिना रह चुके होते हैं। इसलिए, बिना पानी पिए टहलने के लिए निकलना खतरनाक हो सकता है। अगर आपके शरीर में पहले से ही तरल पदार्थ की कमी है, तो पसीने की कमी से तेज़ी से डिहाइड्रेशन हो सकता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन, सिरदर्द और थकान हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही एक या दो गिलास पानी पिएँ।

### खाली पेट वॉक करने न जाएँ

कई लोगों को लगता है कि खाली पेट वॉक करने से वजन तेजी से कम होगा। जबकि ऐसा नहीं है, अगर आप भूखे पेट वॉक करने जाते हैं तो चक्कर या सिरदर्द महसूस हो सकता है। कम रक्त शर्करा के कारण कमज़ोरी, मतली या टहलने के दौरान बेहोशी भी महसूस हो सकती है। ऐसे में वॉक से पहले पूरा नाश्ता करने की ज़रूरत नहीं है। लेकिन कुछ हल्का फुल्का खाना ठीक रहेगा। जैसे एक केला, मुट्ठी भर भीगे हुए बादाम, टोस्ट का आधा टुकड़ा या एक छोटी सी फ्रूट स्मूदी।

### वार्म-अप ज़रूर करें

वॉक से पहले एक छोटा सा स्ट्रेच रूटीन आपके हेल्दी और फिट शरीर के लिए बेहद ज़रूरी होता है। इसलिए, भले ही आप सुबह के समय सिर्फ़ 30 मिनट ही वॉक क्यों न चल रहे हों। कम से कम 3-5 मिनट का वार्म-अप ज़रूर करें। वार्म अप में आप एड़ियों को घुमाएँ, हल्के से पैर के अंगूठे को छूएँ, कंधे को हिलाएँ और गर्दन को घुमाएँ।

### वॉक से पहले कैफीन का इस्तेमाल ज़्यादा न करें

वॉक से पहले कई लोग एक गर्म कप चाय या कॉफ़ी पीना पसंद करते हैं। लेकिन वॉक से पहले कैफीन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। कुछ लोगों के लिए, खाली पेट कैफीन वॉक के दौरान एसिडिटी या पेट खराब होने का कारण बन सकता है। अगर, आप ऐसे व्यक्ति हैं जो चाय या कॉफ़ी के बिना काम नहीं कर सकते, तो वॉक के बाद इसे पीने की कोशिश करें। इस तरह, पाचन क्रिया सक्रिय रहेगी, आप फिर से हाइड्रेट होंगे।

# शरीर को कमजोर बना सकती है प्रोटीन की कमी

अगर आपके शरीर में किसी भी पोषक तत्व की कमी पैदा हो जाए, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याएं आपके शरीर पर हमला बोल सकती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करने की सलाह देते हैं। प्रोटीन शरीर के लिए एक जरूरी तत्व है। आइए इस तत्व की कमी की वजह से शरीर में दिखाई देने वाले कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं।

थकान और कमजोरी

प्रोटीन की वजह से आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं। अगर आपको हर समय थकान और कमजोरी महसूस होती रहती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मसल पेन भी इसी पोषक तत्व की कमी का संकेत साबित हो सकता है।




ज्यादा भूख लगना

प्रोटीन की कमी की वजह से आपको ज्यादा भूख लग सकती है या फिर खाने के बाद भी पेट खाली लग सकता है। अगर आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई है, तो आपके घाव भी धीरे-धीरे भर पाएंगे। प्रोटीन की कमी की वजह से आपको सडन वेट लॉस का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो गई है और आप बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो ये लक्षण भी प्रोटीन की कमी की तरफ इशारा कर सकता है।

गौर करने वाली बात - प्रोटीन की कमी न केवल आपके शरीर पर बल्कि आपकी त्वचा और आपके बालों पर भी नेगेटिव असर डाल सकती है। क्या आपकी त्वचा रूखी, फटी या फिर खुरदुरी हो गई है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। बाल झड़ना या फिर नाखून टूट जाना भी इस पोषक तत्व की कमी का संकेत हो सकता है।

# हाई यूरिक एसिड से जूझ रहे हैं, तो खाली पेट कर लीजिए इन चीजों का सेवन

### जोड़ों के दर्द से मिल जाएगी राहत

क्या आप जानते हैं कि जब आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है, तो आपको जोड़ों में असहनीय दर्द और सूजन हो सकती है? यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अगर आप खाली पेट सही मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर कुछ चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

### फायदेमंद साबित होगा आंवला

दादी-नानी के जमाने से आंवला को सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। यूरिक एसिड के स्तर पर काबू पाने के लिए आप आंवला को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। हर रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाएं या फिर गुनगुने पानी के साथ आंवला पाउडर को मिक्स कर कंज्यूम कर लें।

### पी सकते हैं नींबू का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप नींबू पानी का सेवन भी कर सकते हैं। विटामिन सी रिच नींबू पानी यूरिक एसिड को न्यूट्रल करने में कारगर साबित हो सकता है। सुबह-सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में हाफ नींबू निचोड़कर पी जाएं और खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस करें। अगर आप चाहें तो औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक में पोषक तत्वों वाले शहद को भी मिक्स कर सकते हैं।

### अलसी के बीज फायदेमंद

क्या आप जानते हैं कि अलसी के बीज में पाए जाने वाले तत्व यूरिक एसिड की समस्या को दूर करने में कारगर साबित हो सकते हैं? एक स्पून अलसी के बीज को रात भर पानी में भिगोएं और फिर अगली सुबह पानी के साथ कंज्यूम कर लें। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाली पेट अलसी के बीज खाएं।



## नगर कांग्रेस कमेटी ने सिलारपुर में मनाया 'उमंग उत्सव', नवजात बच्चियों को किया सम्मानित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चन्द ।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'बच्ची के जन्म को उमंग उत्सव' अभियान के तहत बुधवार को नगर अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में ग्राम सिलारपुर में कार्यक्रम आयोजित कर नवजात बच्चियों का सम्मान किया गया। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बच्चियों के घर पहुंचकर मोमेंटो, खिलौने एवं मिठाइयां भेंट कर परिवारों को बधाई दी। कार्यक्रम में सरजीत यादव व रीना देवी की पुत्री राधिका तथा उसके दादा सागरमल एवं दादी सावित्री देवी का सम्मान किया गया। साथ ही पंकज कुमार व बबीता देवी की पुत्री लक्ष्मी तथा उसके दादा त्रिलोक चंद शर्मा एवं दादी अमिता देवी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी ने कहा कि बेटियों का जन्म उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए। समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कार्यकर्ता कैप्टन धर्मपाल, नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, सचिव बच्छराज, देवेंद्र कुमार जोशी, इंदर एडवोकेट, बलबीर सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने नगर कांग्रेस की इस पहल की सराहना की और इसे समाज में बेटियों के सम्मान की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

## केरू गांव के माणकराम ने पिता की पुण्यतिथि पर किया स्वैच्छिक देहदान का संकल्प



**भीम प्रज्ञा न्यूज.जोधपुर।**

जोधपुर के निकटवर्ती केरू गांव के नाड़ी वाला बास निवासी माणकराम ने मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए स्वैच्छिक देहदान की घोषणा की है। मूलतः मेघलासिया गांव के रहने वाले माणकराम ने अपने पिता स्वर्गीय उम्मेदाराम की प्रथम पुण्यतिथि पर डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर पहुंचकर एनाटॉमी विभाग में देहदान के लिए आवेदन फार्म भरकर लिखित संकल्प लिया।जानकारी के अनुसार एक वर्ष पूर्व माणकराम के पिता उम्मेदाराम के निधन के बाद परिवार ने उनका शव मेडिकल कॉलेज को अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा के लिए सौंपकर विधिवत देहदान किया था। पिता की इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए माणकराम ने उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर स्वयं भी देहदान करने का निर्णय लिया।इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी जोधपुर के जिलाध्यक्ष लुभास राठौड़, अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन राजस्थान के उपाध्यक्ष बसंत रोयल, बसपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र लावा, गोविन्दम प्रॉपर्टीज के दूदाराम इनकिया, फूसाराम बोस, किशन लवा, मिश्रीलाल सहित कई गणमान्य लोग एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एनाटॉमी विभाग की ओर से औपचारिक विभागीय कार्यवाही पूरी करने के बाद माणकराम को देहदान प्रमाण पत्र जारी किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा कटारिया के निर्देशन में डॉ. लीना रायचंदानी ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान डॉ. हेम कंवर जोया ने भी सहयोग किया और माणकराम के इस संकल्प की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने देहदानी पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर पुत्र द्वारा देहदान का संकल्प लेने को मानवीय हित में अनूठी पहल बताया। वक्ताओं ने कहा कि देहदान चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और समाज सेवा के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी कार्य है। उन्होंने माणकराम के इस निर्णय को देश और समाज की सच्ची सेवा से प्रेरित जनहितकारी कदम बताते हुए सराहना की।

## सोशल मीडिया पर चल रही अश्लीलता समाज के लिए घातक- अनिल धानक




**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पार्टी के एस सी डिपार्टमेंट के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल धानक के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं सहित सैकड़ों सामाजिक व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर अश्लीलता के खिलाफ उप पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस एस सी डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष अनिल धानक ने बताया कि पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर अश्लीलता चल रही है जो समाज में गन्दगी परोसी जा रही है। जिससे समाज में छोटे बच्चे व लड़कियों व महिलाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर चल अश्लीलता पर रोक लगानी बहुत जरूरी है। यदि सोशल मीडिया पर चल रही अश्लीलता पर रोक नहीं लगी तो समाज में इसका बहुत बुरा असर पड़ता ,जा रहा है। अनिल धानक ने कहा कि जिस प्रकार से पहले पिसतोल दिखा कर फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं।उस पर सरकार ने रोक लगाई उसी प्रकार इस अश्लीलता पर रोक लगाई जाए। पुलिस उपाधीक्ष रविन्द्र कुमार ने ज्ञापन लेने के बाद बताया कि वैसे तो पुलिस शिकायत मिलने पर कार्यवाही करती है लेकिन वे सामाजिक तोर पर अश्लीलता पर रोक लगाने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के एस सी डिपार्टमेंट के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल फानडन, कांग्रेस पार्टी के एस सी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार, मामराज, राजेश ठेकेदार ,रवि मेहरा, जगदीश खरे,राहुल खरे,नवनीत, इंद्रजीत, सुदेश कुमार, बसन्ती देवी,सुधा गुप्ता सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

## चिड़ावा महिला उद्यमी समिति में पुनः उपयोग योग्य कपड़ा पैड निर्माण कार्यशाला संपन्न

### अम्बुजा फाउंडेशन, अनाहत फाउंडेशन और बिट्स पिलानी के 'कृति' सेंटर का संयुक्त प्रयास; ग्रामीण महिलाओं को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

चिड़ावा महिला उद्यमी समिति कार्यालय में पुनः उपयोग योग्य कपड़ा सैनिटरी पैड निर्माण को लेकर आयोजित छह दिवसीय पायलट कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।कार्यशाला का आयोजन अम्बुजा फाउंडेशन, अनाहत फॉर चेंज फाउंडेशन और बिट्स पिलानी के कृति सेंटर के संयुक्त सहयोग से किया गया।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार और स्थायी आजीविका के अवसरों से जोड़ना रहा। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को पुनः उपयोग योग्य कपड़ा पैड की उपयोगिता, स्वास्थ्य लाभ, पैड सिलाई की उन्नत तकनीक, उत्पाद की गुणवत्ता, उद्यमिता और बाजार से जुड़ाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागी महिलाओं को बताया गया कि कपड़ा पैड स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। इनके निर्माण से महिलाएं घर बैठे आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।समापन समारोह में बिट्स पिलानी के निदेशक प्रोफेसर सुधीर कुमार बरई, आदित्य बिड़ला समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी अरुण खेतान और अम्बुजा फाउंडेशन के जोनल मैनेजर विष्णु प्रसाद ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की पहल महिलाओं को स्वास्थ्य जागरूकता, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि कपड़ा सैनिटरी पैड निर्माण ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ एक बेहतर व्यवसायिक मॉडल भी साबित हो सकता है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समन्वय काकतीय सेंटर फॉर रूरल इनोवेशन, टेक्नोलॉजी एंड इम्पैक्ट की हेड प्रोफेसर त्रिवेणी रॉय और बिट्स पिलानी के सॉल्व प्रोजेक्ट की सृष्टि अग्रवाल द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में सभी सत्रों का प्रभावी संचालन किया गया।कार्यक्रम के अंत में अम्बुजा फाउंडेशन की कल्पना कटियार ने आभार व्यक्त करते हुए महिला प्रतिभागियों के समर्पण और उत्साह की सराहना की। इस अवसर पर मनोज, विक्रम, श्रेष्ठा सान्याल, पंकज सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी रूथल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**भीम प्रज्ञा न्यूज.अटेली।**

खंड अटेली के गांव गढ़ी रूथल के शहीद विरेंद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने कीर्तिमान स्थापित किए। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा अंशु ने 448 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, भूमिका ने 435 अंक प्राप्त कर द्वितीय, तथा मनप्रीत ने 422 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ साथ सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि मंगलवार को घोषित बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी सराहनीय रहा। बारहवीं कक्षा में 23 में से 11 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य राजपाल नाहर ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों,व अध्यापकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।तथा अन्य विद्यार्थियों को भी इन विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता राजेश कुमार, श्रद्धानंद, ललित कुमार, सुनिता, द्रविता, अनिल लाम्बा, सुनील कुमार, मुनिता, इन्द्र जीत आदि स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## बैरास की लाडली आयुषी रुहेला ने लहराया सफलता का परचम

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में हासिल किए 97.40 प्रतिशत अंक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

जाने-माने समाजसेवी सेवानिवृत्त सैनिक बैरास हाल सीकर निवासी भागीरथ सिंह रूहेला की सुपौत्री, उधोगपति बिजेंद्र रूहेला की भतीजी व नेपाल प्रवासी उधोगपति राकेश रूहेला की सुपुत्री आयुषी रुहेला ने सीबीएसई 12वीं कला बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में 97.40 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार, समाज व गांव का नाम रोशन किया है। आयुषी ने मोदी संस्थान से 12वीं सीबीएसई की परीक्षार्थी के रुप में शामिल हुई। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय दादाजी, ताईजी- ताऊजी, माता-पिता सहित परिजनों व गुरूजनों को देते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा में जानें की इच्छा जाहिर की है। आयुषी की शानदार सफलता पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।



## सुरेश शर्मा का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर प्रमोशन होने पर किया सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के सीकर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मीणा ने सीईओ ग्रामीण सुरेश शर्मा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर फूल माला पहनकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। वीरेंद्र मीणा ने बताया कि सीओ ग्रामीण पद पर सुरेश शर्मा का कार्यकाल बहुत सराहनीय रहा ।उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने बताया कि सुरेश शर्मा का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर प्रमोशन होकर उनको गंगानगर पदस्थापन किया गया है। उनको पदोन्नति मिलने पर पुलिस विभाग व उनके परिचितों में खुशी का माहौल है।



## जीवनी इंटरनेशनल स्कूल का बारहवीं बोर्ड परिणाम रहा शत-प्रतिशत, अदिति सहारण ने किया टॉप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

बुधवार को सीबीएसई द्वारा कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में जश्न का माहौल छा गया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जमकर खुशियां मनाईं।

शैक्षणिक कार्यवाहक सुनील वर्मा और उपप्रधानाचार्या दीपा शर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के सभी विद्यार्थी सफल रहे। छात्रा अदिति सहारण ने 93.4' अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को माला और साफा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



विद्यालय के इस प्रदर्शन पर संस्था के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया जिनमें चेयरपर्सन सांवरमल मील ने विद्यार्थियों की निरंतर लगन और परिश्रम को इस सफलता का आधार बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिव भगवती मील एवं निदेशक रितेश मील ने समस्त विद्यालय परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशियां बांटी।

## पेयजल की समस्या को लेकर चंवरा में मेघवाल बस्ती में मीटिंग आयोजित



**उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति/अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति उदयपुरवाटी घाट . आज**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** चौफुल्या चंवरा के मोरिंडा में हरिजन बस्ती किशोरपुरा रोड़ पर पेयजल की सबसे किल्लत जगह पर जल संघर्ष समिति अध्यक्ष नथू राम कामरेड की अध्यक्षता में , मेघवाल बस्ती की मीटिंग आयोजित हुई, जिसमें दर्जनों लोगों ने उपस्थिति दर्ज करवाकर इस भयंकर गर्मी हिटवेव,लू की स्थिति में हरिजन बस्ती में पेयजल की अत्यंत गम्भीर गम्भीर समस्या पर सवाल उठाएं।और सभी ने एक स्वर में रोड़ झाम कर धरना प्रदर्शन कर बड़ा आंदोलन खड़ा करने पर अड्डे रहें। इस पर संयोजक एडवोकेट के के सैनी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके यहां किसी तरह की पेयजल सुविधा नहीं होना बहुत गम्भीर बात है,ये भी सही है कि प्रशासन व पीएचईडी विभाग की अनदेखी/नाकामयाबी का जीता-जागता उदाहरण है लेकिन इसके लिए अभी तत्काल केवल ओर केवल शुद्ध पेयजल टैंकर सप्लाई ही एकमात्र उपाय है,जिसके लिए 10 मई को किशोरपुरा में आयोजित मीटिंग में भी पीएचईडी एईएनअनुप अग्रवाल साहब को अवगत कराकर जल्दी समाधान की बात हुई है, यहां हुए गैस सिलैंडर से हुए विस्फोट से पीड़ित परिवार की भी यथासंभव प्रशासनिक व परशनल स्तर पर सहयोग की भी बात हुई। इसी तरह,मदन मेघवाल, शीशराम रावत,अध्यक्ष नथू राम कामरेड ने भी अपने अपने विचार व्यक्त कर समझाइश की कोशिश कर संतुष्ट किया गया व जल्दी ही पीएचईडी अधिकारियों से पुनः बातचीत कर अगले 2-3 में दिन में टैंकर से पेयजल सप्लाई की बात पर बड़ी मुश्किल से सहमति बनी। इस दौरान महेंद्र सिंह कड़वासरा, विजेन्द्र गोठवाल, बाबूलाल बड़कोदिया, शंकर लाल खींची, जितेन्द्र गोठवाल, जगदीश खींची, रामस्वरूप, मदन लाल बड़जातिया, विजय कुमार, विजेन्द्र , भोपाल सिंह, सुरेन्द्र कुमार ,जितेन्द्र मेघवाल, विजेंद्र मेघवाल व अन्य दर्जनों उपस्थित रहें। सैनी ने बताया कि उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति/अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति की अगली मीटिंग दिनांक 15 मई ,2026 को उदयपुरवाटी घाट में रखी गई है, जिसमें पीएचईडी अधिकारियों के साथ,ऐसी पेयजल से संबंधित गम्भीर समस्याओं पर ओर गम्भीरता से बातचीत कर हर यथासंभव समाधान पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## केंद्र सरकार के अधिवक्ता बने अपूर्व महर्षि



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मुकुंदगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय के विधिकार्य विभाग, न्यायिक अनुभाग ने झुंझुनूं जिले के मुकुंदगढ़ कस्बे के होनहार युवा अधिवक्ता अपूर्व महर्षि को राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ के समक्ष, केंद्रीय सरकार मुकदमों के संचालन हेतु तीन वर्ष की अवधि के लिए पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया है। अपूर्व महर्षि की इस नियुक्ति पर शेखावाटी में खुशी की लहर है। वे राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार महर्षि के सुपुत्र ओर पंडित सत्यनारायण महर्षि के पौत्र है। अपूर्व महर्षि एडवोकेट(राजस्थान उच्च न्यायालय) ने गांव ओर कुटुंब का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर एडवोकेट विनोद घुघरावाल, एडवोकेट आदित्य तोलसरिया, मोहनलाल चूड़ीवाल, फूलचंद, डॉक्टर दयाशंकर जांगिड़, एम सी मालू, मेजर डीपी शर्मा, डॉक्टर अनिल शर्मा, मुरारीलाल इंदौरिया, सी ए जितेंद्र वर्मा, प्रदीप दायमा, प्रदीप शर्मा बड़वासी, रॉबिन, घनश्याम मिश्रा, ऑफिस अधीक्षक मोहम्मद जाकिर हुसैन, महिपाल सैनी, रविन्द्र सैनी सहित कई गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर की है।

**कार्यालय- राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक सुलताना, प. स. चिड़ावा, झुन्झुनूं**

क्रमांक :- 168 दिनांक 14.05.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) चिड़ावा के आदेश क्रमांक 158 दिनांक 02.05.2026 की अनुपालना में दिनांक 03/06/2026 को प्रातः 11.00 बजे विद्यालय परिसर में विद्यालय की आइसीटी लैब के नाकारा/अक्रियाशील उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी जिसका पुस्तक क्रय मूल्य 286950 रू. ( दो लाख छियासी हजार नौ सौ पच्चास रूपये) है, इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जायेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्ट्रड एवं जीएसटी धारक व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती हैं।

**प्रधानाचार्य**
**राजकिय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुलताना, प. स. चिड़ावा, झुन्झुनूं**

**कार्यालय- महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय किठाना, प. स. चिड़ावा, झुन्झुनूं**

क्रमांक :- 518 दिनांक 14.05.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) चिड़ावा के आदेश क्रमांक 158 दिनांक 02.05.2026 की अनुपालना में दिनांक 01/06/2026 को प्रातः 10.00 बजे विद्यालय परिसर में विद्यालय की आइसीटी लैब के नाकारा/अक्रियाशील उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी जिसका पुस्तक क्रय मूल्य 286950 रू. ( दो लाख छियासी हजार नौ सौ पच्चास रूपये) है, इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जायेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्ट्रड एवं जीएसटी धारक व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती हैं।

**प्रधानाचार्य**
**महात्मा गांधी राजकिय विद्यालय किठाना, प. स. चिड़ावा, झुन्झुनूं**

# भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ने संभाला पदभार



### अम्बेडकर भवन में पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

अम्बेडकर भवन में 14 मई 2026 को आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चंदेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राजेश आलडिया और आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह चारावास ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह चारावास ने कहा कि जिले में बढ़ रहे भाजपा और कांग्रेस के दमन को खत्म करने के लिए आजाद समाज पार्टी मजबूती से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि वे पार्टी हित में सदैव तत्पर रहेंगे और संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष राजेश आलडिया ने कहा कि यह दिन उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का दिन है। उन्होंने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पद उन्होंने सम्मान के लिए नहीं, बल्कि समाज सेवा और बहुजन समाज की आवाज को मजबूत करने के लिए स्वीकार किया है।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा, संघर्ष और संगठन का रास्ता दिखाया, जबकि कांशीराम साहब ने बहुजन समाज को राजनीतिक ताकत बनाने का कार्य किया। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के कमजोर, शोषित और जरूरतमंद लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी जाएगी। राजेश आलडिया ने कहा कि जिले के हर गांव, हर वार्ड और हर युवा तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। शिक्षा, भाईचारा, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने युवाओं से आगे आकर समाज में एकता, भाईचारा और समानता का संदेश देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और बहुजन समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अजीत धनुरी, जयप्रकाश, कमलेश काला, मनोज बोयल, विकास कड़वासरा, दिनेश बरबड़, नवीन, प्रभुदयाल, सुधीर मेघवाल, कैलाशदास, पवन जसरापुर, मुकेश बाड़लवास, नरसिंह गुजराती, रणजीत सहित कई कार्यकर्ता और सदस्य मौजूद रहे।

# ककराना के कार सेवक गोविन्द राम 34 साल बाद करवाया मुंडन

## बाबरी मस्जिद कांड में दोनों बार जख्मी आंख गंवाई शरीर भी हुआ था जख्मी

### अयोध्या से गांव पहुंचे गोविन्द राम का ग्रामीणों ने किया भव्य अभिनंदन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा** । उपखंड क्षेत्र के ककराना गांव में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के गोविंदराम कुमावत ने अपनी 34 साल की प्रतिज्ञा को पुरा करते हुए मंगलवार को अयोध्या के सरयू नदी के श्री राम घाट पर अपने सर ओर मुंह की दाढी मूंछो के बालों का मुंडन करवाया। गोविंद राम कुमावत ने 2 मई 1992 को अपने मन में दृढ़ संकल्प लिया था कि जब तक अयोध्या में भगवान श्री राम लला का मंदिर निर्माण नहीं होगा तब तक मैं बालों को नहीं कटवायूंगा । अयोध्या से गुरुवार को गांव लौटे भक्त गोविंद राम, शीशराम खटाणा, पुर्व सरपंच सुप्यार देवी,भगवती देवी कुमावत, रामकुमार कुमावत का प्राचीन लक्ष्मण भगवान के मंदिर में प्रमुख समाजसेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा एवं पूर्व सरपंच समाजसेवी शीशराम खटाना के नेतृत्व में उनका अभिनंदन किया गया कुमावत का ग्रामीणों ने साफा व फूल माला पहना कर दुपट्टा उड़ा कर स्वागत किया । गोविंद राम कुमावत महज राम मंदिर बनाने



का सपना ही नहीं पाला बल्कि दो बड़े बाबरी मस्जिद के चर्चित ऐतिहासिक कांडों में शामिल होकर अपने शरीर को रामलाल के लिए न्योछावर कर दिया कुमावत पहली बार कार सेवक के रूप में राजस्थानी जत्थे के साथ मुश्किलों का सामना करते हुए अयोध्या में मुख्य बाबरी मस्जिद पर पहुंच गए जहां पर तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार में पुलिस के द्वारा किए गए लाठी चार्ज में गोविंद राम बुरी तरह घायल हो गया इसके बाद उनकी एक आंख की रोशनी चली गई दूसरी बार सन 1992 में हजारों हिंदुस्तानियों के साथ गोविंदराम बाबरी मस्जिद के ध्वस्त ढांचे के मलबे में दब गए जख्मी गोविंद राम को फैजाबाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया इसके बाद गोविंदराम जीवित तो बच गया लेकिन शरीर पर आई चोटों से वह पूरी तरह शरीर को खो चुके थे गोविंद राम के शरीर पर आई चोटों के कारण उनका मानसिक संतुलन भी खराब हो चुका है उस समय गोविंदराम से मिलने प्रमुख नेताओं में मुरली मनोहर जोशी भैरो सिंह शेखावत साध्वी रीतमभरा आचार्य धर्मेंद्र जैसे कई नाम चिन्ह नेता फैजाबाद अस्पताल में मिलने आए थे । विडम्बना देखिए आज इस देशभक्ति के नेताओं व विश्व हिंदू परिषद के गोविंद राम कुमावत अपने जर्जर दो मकान में आज भी जीवन बसर कर रहे हैं । स्थिति यह है कि आज भी जीवन यापन बड़ी मुश्किल से हो रहा है । समाजसेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा एवं शीशराम खटाना ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारको से मांग की है की गोविंदराम बेहद संकट के दौर से गुजर रहा है अब उनकी बहुत जल्दी शुद्ध लेने की आवश्यकता है इस अवसर पर पूर्व सरपंच शीशराम खटाना आदिवासी मीन सीना के सुप्रीमो सुरेश मीणा किशोरपुरा, बजरंग सिंह शेखावत,राजेंद्र कुमावत, छोटे लाल कुमावत, रामकुमार कुमावत, पुर्व सरपंच सुप्यार देवी, सुरेश मीणा, बजरंग मीणा, रामबाबू सोनी,जीतुसिंह शेखावत, कैलाश कुमावत, रणबीर मास्टर, महावीर सिंह शेखावत, राधेश्याम अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मुक्तिलाल अग्रवाल, दिनेश योगी, मदन सिराधना, कृष्ण सुबेदार,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

# शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) की मंडावा ब्लॉक इकाई की ओर से बुधवार को मूलसिंह ब्लॉक शिक्षा कार्यालय मंडावा के नेतृत्व में शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने लंबे समय से लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन में संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर के शिक्षक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी मूलभूत समस्याओं के समाधान की दिशा में अब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। शिक्षकों ने स्थानांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, रिक्त पदों को शीघ्र भरने, वेतन विसंगतियों का समाधान करने, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने तथा शिक्षकों को मिलने वाले अवकाश यथावत रखने की मांग प्रमुखता से रखी। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि लगातार लंबित मांगों के कारण शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। यदि सरकार द्वारा जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एकजुटता भी दिखाई।



# श्री कृष्णा यादव महासभा में संजय कुमार बने युवा प्रदेश सचिव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

पचेरी क्षेत्र के सहड़ निवासी संजय कुमार यादव को श्री कृष्णा यादव महासभा में युवा प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हेमंत यादव तथा राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक तिजारा संदीप यादव की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव द्वारा की गई। संजय कुमार यादव की इस नियुक्ति की सूचना मिलते ही उनके मित्रों, शुभचिंतकों और समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नियुक्ति के बाद संजय कुमार यादव ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि वे अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समाजसेवा की भावना के बल पर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। साथ ही समाज की प्रतिष्ठा, एकता और संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कार्य करेंगे।



# जोशी परिवार की लाडो ने लहराया सफलता का परचम, हिमांशी ने 12वीं सीबीएसई परीक्षा में हासिल किए 97प्रतिशत अंक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

सिद्ध पीठ श्री गढ़ के बालाजी पुजारी परिवार के स्व.पण्डित बंसती लाल जोशी की पोती पं. राकेश जोशी और रश्मि जोशी की पुत्री हिमांशी जोशी ने 12वीं सीबीएसई परीक्षा के घोषित परिणाम में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, समाज व नगर का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिजनों को दिया है। हिमांशी प्रींस स्कूल सीकर के 12वीं ह्यूमैनिटीज की विधार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल हुए। छात्रा की शानदार सफलता पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।



# मंडावा में जनगणना 2027 की तैयारियां पूरी, प्रगणकों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

### 160 से अधिक कार्मिकों को मिला प्रशिक्षण, आज से शुरू होगा घर-घर सर्वे अभियान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । मंडावा पंचायत समिति क्षेत्र में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। एक मई से चल रहा प्रगणकों का विशेष प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को चौथे एवं अंतिम बैच के प्रशिक्षण के साथ संपन्न हो गया। चार चरणों में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 160 से अधिक प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अब शुक्रवार से मंडावा क्षेत्र में घर-घर सर्वे अभियान शुरू किया जाएगा। पंचायत समिति परिसर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर की उपस्थिति में ट्रेनर्स अनिल कुमार आर्य एवं सुनीता चाहर ने प्रगणकों को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया। शिविर के दौरान घर-घर जाकर परिवारों की सही जानकारी जुटाने, डिजिटल माध्यम से डेटा एंट्री करने, मोबाइल एप के उपयोग तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति और परिवार का सटीक आंकड़ा तैयार करना है, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। प्रशिक्षण के दौरान सर्वे कार्य में बरती जाने वाली सावधानियों एवं आंकड़ों की गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, इसलिए इसे पूरी पारदर्शिता, जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ संपन्न करना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रगणकों को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर सही जानकारी एकत्रित करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचें।जनगणना 2027 के लिए मंडावा क्षेत्र में अब सर्वे अभियान की शुरुआत होने जा रही है, जिसे प्रशासन ने सफल और त्रुटिरहित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।



# डूमोली खुर्द में युवक को पेड़ से बांधकर पीटा, छह जनों के खिलाफ मामला दर्ज, प्लाट के रास्ते को लेकर विवाद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

सिंघाना थाना क्षेत्र डूमोली खुर्द गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक युवक के साथ अमानवीय मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्लाट में रास्ता देने से मना करने पर कुछ लोगों ने युवक को पेड़ से बांध दिया और बेरहमी से पिटाई की। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को छुडवाकर अस्पताल में पहुंचाया। घटना बुधवार को होने की बात सामने आई है, घटना का एक विडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार डूमोली खुर्द गांव निवासी युवक राहुल कुमार पुत्र सतपाल दोपहर को अपने प्लाट उसके द्वारा लगाए गए पेड़ों में पानी दे रहा था। इस दौरान उसके पास परिवार का ही रोहिताश पंहुचा तथा पेड़ों में पानी देने से मना किया। इसके बाद उसने प्लाट के बीच से रास्ता निकालने की बात कही तो राहुल ने बीच से रास्ता देने से मना कर दिया। इस बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया तो रोहिताश पक्ष के प्रेम, इंद्रजीत, उदय सिंह , सरोज, कंचन मौके पर पहुंचे तथा उसके साथ मारपीट कर पेड़ से बांध दिया। बताया जा रहा है कि युवक करीब तीन घंटे तक बंधा रहा। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तथा उसके छुड़वाने का प्रयास किया तो उन्होंने गेट बंद कर लिया। इसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना सिंघाना पुलिस को दी तो सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को आरोपियों के कब्जे से छुड़वाया। इस दौरान मारपीट में घायल राहुल को पहले सिंघाना के राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनूं जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है। थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि ने पीड़ित पक्ष की ओर से राहुल की मां मंजू देवी की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में लोगों में आक्रोश बना हुआ है।



# राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) की झुंझुनू-मंडावा उप शाखाओं का महासमिति अधिवेशन सम्पन्न, नई कार्यकारिणी निर्विरोध गठित

### शिक्षक भवन झुंझुनू में हुआ संयुक्त अधिवेशन, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) की उप शाखा झुंझुनू एवं मंडावा का संयुक्त महासमिति अधिवेशन गुरुवार दोपहर शिक्षक भवन झुंझुनू में आयोजित किया गया। अधिवेशन जिला अध्यक्ष अशोक कटेवा एवं जिला पर्यवेक्षक जगदीश ढाका की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी प्रताप सिंह ने दोनों उप शाखाओं की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन कराया। झुंझुनू उप शाखा में रामस्वरूप सैनी को अध्यक्ष, राजकुमार को मंत्री, महेंद्र बेनीवाल को सभा अध्यक्ष, प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, सुमन डांगी को महिला उपाध्यक्ष, शुभम शर्मा को कोषाध्यक्ष, इरफान अहमद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा इमराज अहमद को संघर्ष समिति संयोजक चुना गया। इसके अलावा 11 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इसी प्रकार मंडावा उप शाखा में प्रमोद कुमार को अध्यक्ष, संजीव कुमार को मंत्री, रियाज अहमद को सभा अध्यक्ष, योगेंद्र दुलड को उपसभा अध्यक्ष, शिशुपाल सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय कुमार को उपाध्यक्ष, रेखा कुमारी को महिला उपाध्यक्ष, दयाराम को कोषाध्यक्ष तथा जगदीश प्रसाद को संघर्ष समिति संयोजक निर्वाचित किया गया। यहां भी 11 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। अधिवेशन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा चुनाव अधिकारी प्रताप सिंह ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय सदस्य नरेंद्र झाझड़िया ने किया।



# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हर नागरिक दे योगदान: सपना शर्मा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । भाजपा नेता एवं निवर्तमान पार्षद सपना शर्मा ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी आह्वान ने देश को एक बार फिर सकारात्मक दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट के बीच प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल, गैस एवं खाद्य तेल की खपत कम करने की अपील केवल संकट प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सपना शर्मा ने कहा कि कोविड काल में देश ने एकजुटता की शक्ति को देखा है। जब पूरा राष्ट्र एक साथ खड़ा होता है तो बड़ी से बड़ी चुनौती का भी सामना किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय ऊर्जा बचत एवं संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर तेजी से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देना, स्कूलों में ऑनलाइन शिक्षा, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग, अनावश्यक यात्राओं में कमी तथा लोकल और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना जैसे कदम न केवल ईंधन की बचत करेंगे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, समय की बचत और स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा देंगे। सपना शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियां देशवासियों को अपनी प्राथमिकताओं को पुनः निर्धारित करने का अवसर दे रही हैं। हर नागरिक यदि छोटे-छोटे प्रयास करे, जैसे कम दूरी के लिए वाहन का सीमित उपयोग, बिजली की बचत तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना, तो देश ऊर्जा क्षेत्र में और अधिक मजबूत बन सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि देशवासी मिलकर न केवल मौजूदा चुनौतियों का सामना करेंगे, बल्कि आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सशक्त भारत के सपने को भी साकार करेंगे।



# आरपीएस जखराना में सीबीएसई 12वीं के टॉपर्स का सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जखराना।**

सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं कला वर्ग और विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में आरपीएस जखराना का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य योगेश यादव ने बताया कि कक्षा 12वीं कला वर्ग में तमन्ना पुत्री राजकुमार निवासी नारेडा खुर्द ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकेश कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी जखराना ने द्वितीय स्थान तथा तनुज यादव पुत्री रणधीर सिंह निवासी जटगांवड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विज्ञान वर्ग में हर्षिता पुत्री कृष्ण कुमार निवासी कोहराना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साक्षी पुत्री सर्वेश कुमार निवासी जखराना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मुस्कान मेहता पुत्री गिरवर सिंह निवासी जटगांवड़ा और तमन्ना पुत्री अशोक कुमार निवासी गुवाना ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने बताया कि विषयवार उपलब्धियों में तमन्ना पुत्री राजकुमार निवासी नारेडा खुर्द ने गृह विज्ञान में 94 प्रतिशत अंक, हर्षिता पुत्री कृष्ण कुमार निवासी कोहराना ने जीव विज्ञान में 97 प्रतिशत अंक तथा मुस्कान मेहता पुत्री गिरवर सिंह निवासी जटगांवड़ा ने संगीत विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने सभी टॉपर्स का सम्मान किया और विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्टाफ को इस सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया है। कार्यक्रम में संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर एडवोकेट पीयूष यादव, विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर की डायरेक्टर डॉ. रविन्द्रा यादव, आरपीएस जखराना के डायरेक्टर डॉ. सुभाष सिंह, पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. लोकेश कुमार, किड्स ब्लॉक इंचार्ज राधा चूग, कॉर्डिनेटर विजेन्द्र यादव और आईटीआई प्राचार्य सतीश यादव ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।




# हरियाणा बोर्ड में टॉप करने पर दीपिका का सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था के पदाधिकारियों ने गांव जाट पहुंचकर होनहार बेटी दीपिका पुत्री अशोक मेघवाल को 12वीं कक्षा हरियाणा बोर्ड में टॉप करने पर बधाई दी और सम्मानित किया। संस्था के प्रधान इंजीनियर बुधराम पंवार, महासचिव फूल सिंह नाहरवाल, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह तंवर, रोहतास सिंह सिंगल, विजयपाल सिंह और अशोक चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीपिका की सफलता पर खुशी जताई। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि दीपिका ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार, गांव, समाज और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और सफलता समाज के लिए प्रेरणादायक है। संस्था ने आशा व्यक्त की कि दीपिका आने वाले समय में देश और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देगी तथा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में आगे की पढ़ाई के लिए यदि किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी, तो संस्था हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।



उपखंड मंडावा में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई

# क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने को लेकर तहसीलदार ने दिए तत्काल निर्देश

**दिगाल रोड तिराहे और एसडीएम ऑफिस मार्ग के गड्ढों पर प्रशासन सख्त, जनसुनवाई में दी गई शिकायत**

**हादसों को न्योता दे रहे सड़क के गड्ढे, युवक की मौत के बाद प्रशासन हरकत में**

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।




**पवन कुमार शर्मा ।** पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में राजस्व, बिजली विभाग, नगरपालिका, पंचायत समिति, शिक्षा विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान मंडावा शहर की जर्जर सड़कों का मुद्दा प्रमुख रूप से सामने आया। दिगाल रोड तिराहे के पास रथ होटल के सामने चुंगी नाके की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढों को लेकर प्रशासन को एक एप्लीकेशन सौंपी गई। शिकायत में बताया गया कि सड़क पर बने ये गड्ढे लगातार हादसों को न्योता दे रहे हैं। गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पूर्व इसी स्थान पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत भी हो चुकी है, जिसका मुख्य कारण सड़क पर बने गहरे गड्ढे बताए गए। इसके अलावा मंडावा से मुकुंदगढ़ रोड पर स्थित सरकारी कार्यालयों के मार्ग की खराब स्थिति को लेकर भी जनसुनवाई में शिकायत दी गई। एसडीएम ऑफिस, तहसील कार्यालय, राजकीय अस्पताल और पंचायत समिति कार्यालय जाने वाले मार्ग पर पंचायत समिति के मुख्य द्वार एवं एसडीएम ऑफिस के सामने लंबे समय से बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आमजन और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देश देते हुए सड़क पर बने गड्ढों की जल्द मरम्मत कराने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसीलदार डॉ सुरेन्द्र भास्कर ने बताया जन सुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा शेष रहे अन्य प्रकरणों को संबंधित विभाग को भेजे गए हैं।

## लक्ष्मणगढ़ में फोर्ट व्यू पैलेस के शुभारंभ समारोह पर हुआ मंगल प्रवेश पूजन का आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



केसरी नंदन हनुमान मंदिर के पास स्थित फोर्ट व्यू पैलेस का विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गुरुवार को शुभ मुहूर्त में मंगल प्रवेश पूजन समारोह का आयोजन जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारियों व प्रबुद्ध जनों की मौजूदगी में आयोजित हुआ। यह जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अंकित काबरा ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में फोर्ट व्यू पैलेस के निदेशक श्रीमती संतोष देवी विष्णु प्रसाद काबरा के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि आयोजित समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता निवर्तमान पालिका उपाध्यक्ष बनवारी पाण्डेय, वरिष्ठ पार्षद पवन बूटोलिया, माहेश्वरी समाज के संरक्षक रामस्वरूप सोमानी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विमल चिराणिया, समाजसेवी व्यवसायी ललित भूत, राजस्थान तहसील सेवा के अधिकारी व लक्षमनगढ तहसीलदार फारूक अली?, राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक छगन शास्त्री, लक्षमनगढ व्यापार संघ के मंत्री चौथमल नाऊवाला, भगवा रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष जयशंकर पुजारी, व्यवसायी प्रमोद मंगलूणेवाला, संदीप बजाज, गजेन्द्र बादूसरिया, नरेंद्र बादूसरिया, लक्ष्मीकांत चुडीवाला, मनोज जालान, एडवोकेट ललित पुरोहित, नटवरलाल जोशी, रविन्द्र शर्मा, श्रीराम शर्मा, आलोक पाराशर, प्रमोद चिराणिया, दीपक जाजोदिया, संजय जोशी, विज्ञात चिराणिया, हर्षित भूत, हर्ष बियाणी,बबलू पांडे , जयप्रकाश सोनी,पार्षद विष्णु शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

## श्री कृष्ण गौ उपचार शाला शियाखोह में रक्तदान शिविर आयोजित, एडवोकेट केशव सिरोहीवाल ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेश चन्द ।** श्री कृष्ण गौ उपचार शाला शियाखोह में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान खैरथल-तिजारा राष्ट्रीय किसान महासभा राजस्थान के जिला अध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) एडवोकेट केशव सिरोहीवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एडवोकेट सिरोहीवाल ने रक्तदान वीरों को प्रमाण-पत्र और फल देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल, मिंटू, सोनू, तेजसिंह, मोनू, लोकेश, राव दया, राहुल, रोशन, पवन, कृष्ण, मनोज, दिनेश, मनीष, रविंदर, दीपक, दुष्यंत, नवीन, मनीष सहित समस्त गौसेवक उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

## नीमराना में शिक्षकों की मांगों को लेकर ABRSM का धरना, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेश चन्द ।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) ने शिक्षा व शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को नीमराना में धरना-प्रदर्शन किया। खंड अध्यक्ष देवेंद्र यादव और मंत्री ईश्वर दयाल यादव के नेतृत्व में संघ के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम महेंद्र सिंह यादव को ज्ञापन सौंपकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। धरने की प्रमुख मांगों में पदोन्नति एवं पदस्थापन की विसंगतियां समाप्त करना, रिक्त पदों को पारदर्शी तरीके से भरना, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण, पदोन्नति व पदस्थापन करना, संविदा कर्मियों को नियमित करना, शिक्षकों पर बढ़ते गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ कम कर शिक्षण हेतु अनुकूल वातावरण देना, प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य पदस्थापन प्रकरणों में प्रभावी पैरवी कर योग शिक्षकों को न्याय दिलाना तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश में की गई कटौती समाप्त कर अवकाश 30 जून तक घोषित करना शामिल रहा। जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार और अधिकारियों की हठधर्मिता व उदासीनता के कारण सरकार के दो वर्षों से अधिक के कार्यकाल में भी शिक्षकों के ज्वलंत मुद्दों का समाधान नहीं होने से प्रदेश के लाखों शिक्षकों में आक्रोश है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामधन यादव ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस अवसर पर ACBEO पुष्पा यादव, सरस्वती यादव, किरण यादव, सुमन, अंजू बाला, सरिता यादव, मधु, सनोज, राकेश, राहुल गौरव, नरेंद्र यादव, रमन यादव, पूर्ण चंद सांमरिया, विकास यादव, अशोक यादव, मनोज शर्मा, प्रीतम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, एनडीपीएस एक्ट में फंसे सुराना के सरपंच विश्वास कुमार निलंबित

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

मुख्यमंत्री के ड्रग फ्री हरियाणा अभियान को मजबूती देते हुए महेंद्रगढ़ की उपायुक्त अनुपमा अंजली ने सुराना ग्राम पंचायत के सरपंच विश्वास कुमार को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया है। यह कदम सरकार की उस नीति को स्पष्ट करता है जिसमें कानून से ऊपर कोई भी नहीं है, चाहे वह जनप्रतिनिधि ही क्यों न हो।

उपायुक्त ने बताया कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सिहमा की रिपोर्ट के अनुसार, सरपंच विश्वास कुमार के खिलाफ थाना शहर नारनौल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। चूंकि यह मामला मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगीन अपराध से जुड़ा है और आरोपी सरपंच को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। ऐसे में उनका पद पर बने रहना जनहित में उचित नहीं पाया गया। हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निलंबन आदेश जारी किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विश्वास कुमार अब पंचायत की किसी भी कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे पंचायत का सारा रिकॉर्ड और चल-अचल संपत्ति का कार्यभार नियमानुसार बहुमत वाले पंच को तुरंत सौंप दें। डीसी ने स्पष्ट किया है कि समाज में जहर घोलने वाले और कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उपायुक्त ने जिला के सभी सरपंचों का सरकार के नशा मुक्त हरियाणा अभियान में भागीदारी के लिए आह्वान किया।

## चौपालों तक पहुंची कानूनी जागरूकता की मुहिम: ग्रामीणों को बताए अधिकार और नि:शुल्क विधिक सेवाएं

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।




**रमेश चन्द ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति बहरोड़ के सानिध्य में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सांसेडी, सिरयानी, कुतीना, कांकर, घीलौट, नाघोड़ी सहित विभिन्न गांवों की चौपालों पर पहुंचकर ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। 14 मई को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पैरालीगल वॉलंटियर सुनील कुमार और कोर्ट कर्मचारी पुरुषोत्तम कुमार ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को राष्ट्रीय लोक अदालत, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणाम और उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जरूरतमंद, किसान, मजदूर, महिलाओं एवं पीड़ित व्यक्तियों को नि:शुल्क कानूनी सहायता, सलाह तथा न्याय प्राप्त करने में सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित एवं सुलभ न्याय व्यवस्था की जानकारी भी दी गई। गूगलकोटा ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों को कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ कानूनों तथा नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांव-गांव पहुंचकर चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसे समाजहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। साथ ही भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की मांग की, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने अधिकारों और कानून की जानकारी से अधिक जागरूक हो सकें।

# आदर्श विधा मंदिर में वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**मेधावियों का सम्मान कर शिक्षा और संस्कार का दिया संदेश**

**पूर्व छात्रों ने आदर्श विद्या मंदिर को भेंट किया स्मार्ट बोर्ड।**

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।



**मनोज खंडेलवाल ।** कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को ग्रामीण संस्कृति, भारतीय संस्कार और आधुनिक शिक्षा के संगम का जीवंत उदाहरण बन गया। विद्यालय परिसर दिनभर देशभक्ति गीतों, तालियों की गूंज और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा जहां मंच पर खिलकर सामने आई, वहीं विद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपनी मातृसंस्था के प्रति ऋण चुकाने की अनूठी मिसाल पेश करते हुए विद्यालय को स्मार्ट बोर्ड भेंट कर शिक्षा के बदलते दौर में तकनीक की नई रोशनी जोड़ दी। समारोह में बार-बार यह पंक्ति साकार होती नजर आई कि 'जिस मिट्टी ने पहचान दी, उसका कर्ज उतारना ही असली संस्कार है।' कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्गुण दरबार के संत सरयू दास महाराज ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार संग्राम सिंह गुर्जर मौजूद रहे। मुख्य वक्ता राजेंद्र सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंकों की दौड़ नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने विद्या भारती की पंचकोषात्मक विकास पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालयों में बौद्धिक विकास के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभावना का समावेश ही वास्तविक शिक्षा की पहचान है। समारोह में विशिष्ट अतिथि अलकेंद्र सिंह, राजकुमार जैन, रामेश्वर जाट, शिवराज शर्मा और महेश सेठी भी मंचासीन रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरारी लाल शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेलकूद उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। लोक संस्कृति, देशभक्ति और सामाजिक संदेशों से सजी प्रस्तुतियों ने ग्रामीण परिवेश की मिट्टी की खुशबू को मंच पर जीवंत कर दिया। दर्शकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए जमकर सराहना की। समारोह का सबसे भावुक क्षण उस समय आया जब विद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए स्कूल को स्मार्ट बोर्ड भेंट किया। पूर्व छात्रों ने कहा कि जिस विद्यालय ने उन्हें जीवन की दिशा दी, उसके विकास में योगदान देना उनका नैतिक दायित्व है। इस पहल को उपस्थित लोगों ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी कदम बताया। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा का भी माला और साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। संत सरयूदास महाराज ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आधुनिकता की दौड़ में संस्कारों को भूलना सबसे बड़ी भूल होगी। उन्होंने कहा कि 'पेड़ की पहचान उसके फलों से होती है और विद्यार्थी की पहचान उसके संस्कारों से।' कार्यक्रम का संचालन शिवांगी और नेतराम ने प्रभावशाली शैली में किया। पूरे समारोह में शिक्षा, संस्कार और समाज के प्रति जिम्मेदारी का ऐसा संदेश गूंजता रहा जिसने ग्रामीण अंचल में शिक्षा के बदलते स्वरूप की नई तस्वीर पेश कर दी।

## घीलौट में ऑक्सीजन सिलेंडरों से भरी पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलटी, बड़ा हादसा टला

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।




**रमेश चन्द ।** घीलौट औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। शाहजहांपुर-मांडन रोड पर खाली ऑक्सीजन सिलेंडरों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद बीच सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में चालक सुरक्षित बच गया और कोई अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। जानकारी के अनुसार, पिकअप चालक धर्मेंद्र निवासी घीलौट खाली ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में वाहन का संतुलन बिगड़ गया। तेज रफ्तार पिकअप डिवाइडर से टकराकर बीच सड़क पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही शाहजहांपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी प्रक्रिता सिंह ने बताया कि दुर्घटना स्थल मांडन थाना क्षेत्र में आने के कारण तत्काल मांडन पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद मांडन थाना प्रभारी किरण सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने क्रेन की सहायता से पलटी हुई पिकअप को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात को पुनः सुचारू कराया गया। हादसे में चालक को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई, जिससे सभी ने राहत की सांस ली।

## राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- वैल्यू चेन पार्टनर्स एवं किसान उत्पादक संगठनों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**इच्छुक संस्थाएं 20 तक कृषि उपनिदेशक कार्यालय में जमा करवा सकती हैं दस्तावेज**

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

हरियाणा कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार जिला महेंद्रगढ़ के किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीजन खरीफ 2026-27 के लिए मूंगफली के प्रमाणित बीज वितरण की तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विभाग द्वारा योग्य वैल्यू चेन पार्टनर्स और किसान उत्पादक संगठनों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्थाएं अपनी संस्था का प्रोफाईल, अनुभव प्रमाण पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन पत्र सम्बन्धित उपमण्डल कृषि अधिकारी के माध्यम से उपनिदेशक, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग नारनौल कार्यालय में 20 मई सायं 05:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक कृषि (डीडीए) देवेंद्र सिंह ने बताया कि आवेदन करने वाले कम्पनी अधिनियम या सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत होना व कम से कम 3 वर्ष का अनुभव जरूरी है। वैल्यू चेन पार्टनर्स व किसान उत्पादक संगठनों के लिए 200 किसानों का पंजीकृत होना जरूरी है। साथ ही पिछले तीन वर्षों में वार्षिक टर्नओवर औसतन 9 लाख रूपए से अधिक होनी चाहिए। किसान उत्पादक संगठनों में किसानों द्वारा कम से कम 3 लाख रूपये की इक्विटी होनी चाहिए व सरकार द्वारा किसी भी इक्विटी ग्रांट के प्राप्तकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदकों का चयन जिला तिलहन मिशन और जिला कार्यकारी समिति भिवानी द्वारा निर्धारित उपरोक्त मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में अन्य किसी जानकारी उपमण्डल कृषि अधिकारी कार्यालय से ले सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर का 12वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

भीम प्रज्ञा न्यूज.निजामपुर।



सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट परिणाम आने पर विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की। विद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि कला संकाय में आशा पुत्री राजेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विज्ञान संकाय में सोनू पुत्र रोहताश ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य ने बताया कि विषयवार उपलब्धियों में छात्र नीतिश सिंह ने हिन्दी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार भूगोल विषय में आशा और विशाल ने 96 अंक प्राप्त किए। दिव्याना सोनी ने संगीत विषय में 98 अंक हासिल किए, वहीं उमंग ने शारीरिक शिक्षा विषय में 96 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव और चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों का फूलमालाओं से स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, प्रबंध निदेशिका डॉ. रविन्द्रा यादव और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन को दिया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# बनावड़ जीएसएस को मिली नई ताकत, 5 एमवीए ट्रांसफार्मर से खत्म होगी लो-वोल्टेज की मार

**62 लाख की स्वीकृति जारी, मंडावर सहित आसपास के गांवों को मिलेगी मजबूत बिजली आपूर्ति, किसानों से लेकर व्यापारियों तक में जागी उम्मीद।**

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर-दौसा।

**मनोज खंडेलवाल ।** वर्षों से लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग की समस्या से जूझ रहे मंडावर क्षेत्र के हजारों बिजली उपभोक्ताओं के लिए आखिरकार राहत की बड़ी खबर सामने आई है। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने क्षेत्र के महत्वपूर्ण 33/11 केवी बनावड़ ग्रिड सब स्टेशन की क्षमता वृद्धि को मंजूरी देते हुए यहां लगे 3.15 एमवीए क्षमता के पुराने पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 एमवीए का नया हाईकैपेसिटी ट्रांसफार्मर स्थापित करने की स्वीकृति जारी कर दी है। निगम मुख्यालय जयपुर से 13 मई 2026 को जारी आदेश के बाद मंडावर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में खुशी का माहौल है और लोगों को उम्मीद बंधी है कि अब वर्षों पुरानी बिजली संकट की समस्या से राहत मिल सकेगी। विभागीय आदेश के अनुसार इस कार्य के लिए करीब 62 लाख 18 हजार 190 रुपए की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है। यह कार्य वर्ष 2026-27 की बजट योजना के अंतर्गत कराया जाएगा। साथ ही विभाग ने फीडरों के पुनर्गठन और तकनीकी सुधार के भी निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में ओवरलोडिंग की स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं हो और बढ़ती बिजली मांग के अनुरूप क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था मजबूत बनी रहे। मंडावर क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था पूरी तरह दबाव में आ जाती थी। लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर बार-बार ट्रिप करता था, जिससे कस्बे और गांवों में घंटों बिजली बाधित रहती थी। कई स्थानों पर स्थिति इतनी खराब थी कि बिजली सप्लाई होने के बावजूद पंखे तक पूरी गति से नहीं चल पाते थे। घरेलू उपकरण खराब होने की शिकायतें आम हो गई थीं, वहीं किसानों को सिंचाई के समय सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही थी। पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिलने से ट्यूबवेल और कृषि मोटरें बार-बार बंद हो जाती थीं, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा था। क्षेत्र की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर होने के कारण इस निर्णय को किसानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। नया 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगने के बाद किसानों को पर्याप्त वोल्टेज के साथ स्थिर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी

# विनेश फोगाट की वापसी पर सियासत तेज



● बृजभूषण सिंह बोले- रायता फैलाकर गई हैं देवीजी, कांग्रेस सांसद ने कहा- न्याय मांगने की कीमत चुका रहीं, साक्षी मलिक ने लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती में विनेश फोगाट की वापसी को लेकर विवाद अब खेल से निकलकर राजनीतिक और सामाजिक बहस का विषय बन गया है। ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने जहां मां बनने के बाद खिलाड़ियों को दुनिया भर में मिलने वाली राहत का हवाला देते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ से विनेश फोगाट को ट्रायल का मौका देने की अपील की है। वहीं, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि WFI कभी बिना वजह किसी खिलाड़ी को नहीं रोकता। अगर रोक लगाया गया है तो उसके पीछे कोई कारण जरूर होगा। रोहतक से सांसद और कांग्रेस नेता दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इसे 'साजिश, बदला और अन्याय' करार दिया। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए न्याय मांगने की कीमत विनेश फोगाट आज भी चुका रही हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट को राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी है।





### विनेश के समर्थन में आईं साक्षी मलिक

इस पूरे विवाद के बीच साक्षी मलिक खुलकर विनेश के समर्थन में सामने आईं। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन में दोनों पहलवान एक साथ नजर आई थीं। बाद में विनेश फोगाट के राजनीति में आने और कांग्रेस से जुड़ने के बाद दोनों के रास्ते अलग माने जाने लगे थे। अब साक्षी मलिक ने मंगलवार 12 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। साक्षी मलिक ने कहा कि दुनिया भर में मां बनने के बाद महिलाओं को वापसी के लिए नियमों में ढील दी जा रही है, दूसरी ओर विनेश की राह रोकने की कोशिश हो रही है। साक्षी ने ङ्ग पर पोस्ट वीडियो में कहा, ''मुझसे इस मुद्दे पर राय मांगी गई थी और मैं पिछले दो-तीन दिनों से सोच रही थी, क्योंकि विनेश एक राजनीतिक दल की विधायक हैं और मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है, लेकिन मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं।



## भुवी झटक चुके हैं 21 विकेट

### ... लेकिन भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में बड़े-बड़े गेंदबाज संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन भुवनेश्वर कुमार का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 11 मैच में 21 विकेट लेकर पर्पल कैप पर कब्जा जमाए रखा है। ऐसे में रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज खिलाड़ी ने भुवनेश्वर की भारतीय टीम में वापसी की मांग कर दी है। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने कहा है कि वह भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार ने आरसीबी के सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, 'मैं भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहा हूं। कई साल हो गए हैं जब मैंने लंबे समय के लक्ष्य रखना या बनाना बंद कर दिया है। जब भी मैंने ऐसा किया है तो यह मेरे लिए कभी काम नहीं आया। मैं खुश हूं कि 200 मैच खेले और पावरप्ले और डे ओवर इतने सारे विकेट लिए। मुझे लगता है कि यह सब उन कामों का इनाम है जो मैंने इतने सालों में किए हैं। अच्छे साल भी रहे हैं और बुरे साल भी। सच कहूं तो इस समय मुझे कुछ खास महसूस नहीं हो रहा है। बेशक, अगर मैं कहूं कि बाद में मुझे ऐसा महसूस नहीं होगा तो मैं झूठ बोलूंगा। मुझे लगता है कि ये यादें बाद में काम आएंगी, लेकिन इस समय मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत सामन्य है।'



#### आईपीएल के बाद मुझे काफी लंबा ब्रेक मिलता है

भुवनेश्वर कुमार ने कहा, 'मुझे पता है कि 2026 अच्छा जा रहा है। मुझे विकेट मिल रहे हैं, लेकिन मैं वही सब कर रहा हूं जो मैं पहले भी कर रहा था। बेशक मैं कह सकता हूं कि ट्रेनिंग थोड़ी ज्यादा हो गई है या शायद कुछ चीजें बेहतर हुई हैं क्योंकि मैं देश के लिए नहीं खेल रहा हूं। सबसे अच्छी बातों में से एक यह है कि आईपीएल के बाद मुझे काफी लंबा ब्रेक मिलता है।

# मुझे नहीं पता कि वह कितने समय तक टिक पाएगा

● सूर्यवंशी को टेस्ट और वनडे खेलते देखना चाहते हैं डिविलियर्स

**लंदन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा कि वनडे और टेस्ट क्रिकेट खेलने से 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के होनहार खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को मानसिक और शारीरिक रूप से अपने क्रिकेट के एक बिल्कुल अलग पहलू को जानने में मदद मिलेगी, लेकिन इस युवा खिलाड़ी के लिए यह रास्ता मुश्किलों भरा होगा।

सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में अपनी बेखौफ बैटिंग से सभी को हैरान कर दिया है। उन्होंने 11 पारियों में 40.00 की औसत और 236.55 के स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार जैसे विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनके निडर खेल ने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी है कि उन्हें तेजी से भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है। हालांकि अब तक उनका फर्स्ट-क्लास करियर बहुत मजबूत नहीं रहा है। उन्होंने आठ मैचों और 12 पारियों में सिर्फ 207 रन बनाए हैं, जिनका औसत 17.25 रहा है और उनके नाम एक अर्धशतक दर्ज है।



इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड द्वारा होस्ट किए जाने वाले पॉडकास्ट फार द लव आफ क्रिकेट में बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि इस उम्र में सूर्यवंशी की प्रतिभा अविश्वसनीय है, लेकिन इस बल्लेबाज को अभी यह नहीं पता कि टेस्ट क्रिकेट में उनके लिए क्या चुनौतियां इंतजार कर रही हैं। उनके खेल में बदलाव आ सकते हैं, जब तक कि कोई उन्हें टी-20 विशेषज्ञ के तौर पर खेलने की सलाह न दे, जिसके बारे में एबी का मानना ??है कि इससे इस युवा खिलाड़ी का करियर लंबा और सफल होगा।

उन्होंने कहा, सच कहूं तो, मुझे नहीं पता कि वह कितने समय तक टिक पाएगा। इस उम्र में उसकी प्रतिभा अविश्वसनीय है। लेकिन मैं उसे दूसरे फॉर्मेट में भी खेलते देखना चाहूंगा। टेस्ट क्रिकेट में उसे अभी यह नहीं पता कि उसे किन चीज़ों का सामना करना पड़ेगा। बहुत सी चीजें बदल जाएंगी, जब तक कि कोई बहुत अच्छा मैनेजर उसे यह सलाह न दे कि वह अपनी बाकी की जिंदगी एक टी20 विशेषज्ञ के तौर पर ही खेले। अगर वह सिर्फ यही (टी) खेलता है, तो उसका करियर बहुत लंबा और सफल होगा।

डिविलियर्स चाहते हैं कि वह टेस्ट क्रिकेट और वनडे भी खेले, ताकि वह अपने खेल के बारे में और ज्यादा जान सके - खासकर टेस्ट क्रिकेट के बारे में। उन्होंने कहा, अगर वह वनडे और खासकर टेस्ट क्रिकेट में हाथ आजमाना शुरू करता है, तो उसे अपने क्रिकेट का एक बिल्कुल अलग पहलू - मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से - पता चलेगा। उसमें निश्चित रूप से वह प्रतिभा है जिससे वह अपने रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को पार कर सकता है। लेकिन यह सफर आसान नहीं होगा, बल्कि कांटों भरा होगा। मुझे उम्मीद है कि वह इस रास्ते पर चलेगा और अपने देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की कोशिश करेगा।

सूर्यवंशी ने इस साल 19 वर्ल्ड कप में 7 मैचों में 439 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनका औसत 62.71 और स्ट्राइक रेट 169.49 रहा, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल थे, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 था। उन्होंने इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड तोड़ते हुए 30 छक्के जड़े जो 2022 के संस्करण में दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस के 18 छक्कों के रिकॉर्ड से कहीं ज़्यादा थे। असल में 19 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज़्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड अब उन्हीं के नाम है। वह 19 वनडे में भारत के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 25 पारियों में 56.48 के औसत और 165 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 1,412 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक, सात अर्धशतक और 175 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने लिमिटेड-ओवर्स फॉर्मेट में अपना दबदबा बनाया है। उन्होंने 28 टी20 मैचों में 40.92 के औसत और 215.39 के स्ट्राइक रेट से 1,105 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 144 है।

# रियल बेटिस 20 साल बाद चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई

स्पेनिश लीग ला लीगा में एल्चे को 2-1 से हराया, पेत्रोत को रेड कार्ड



**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेनिश क्लब रियल बेटिस ने 20 साल बाद फुटबॉल की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता श्वस्न चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रच दिया है। मंगलवार को स्पेनिश लीग ला लीगा में बेटिस ने एल्चे को 2-1 से हराकर 5वां स्थान और चैंपियंस लीग का अंतिम स्पॉट पक्का कर लिया। एल्चे रेलीगेशन के करीब है।

रियल बेटिस ने आखिरी बार 2005-06 सीजन में चैंपियंस लीग खेली थी। मैनुअल पेलेग्रिनी की टीम ने जीत के साथ छठे स्थान पर मौजूद सेल्टा विगो पर 7 अंकों की बढ़त बना ली है। लीग में अब केवल दो दौर के मैच बाकी हैं। बेटिस के प्रशंसकों के लिए यह इमोशनल पल है, क्योंकि 2 दशक बाद उनकी टीम यूरोप के सबसे बड़े मंच पर खेलेगी।

**पेत्रोत को रेड कार्ड, एल्चे को 10 प्लेयर्स से खेलना पड़ा** - बेटिस के लिए कुचो हर्नांडेज ने 9वें मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई थी। हाफ-टाइम से पहले एल्चे के हेक्टर फोर्ट ने स्कोर बराबर कर दिया। 49वें मिनट में एल्चे के लियो पेत्रोत को रेड कार्ड मिला। इसके बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही एल्चे के खिलाफ पाब्लो फोर्नाल्स ने 68वें मिनट में विनिंग गोल दागकर बेटिस की जीत और चैंपियंस लीग का टिकट तय कर दिया।

**एटलेटिको मैड्रिड की भी जीत** - एक अन्य मुकाबले में चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड ने ओसासुना को 2-1 से हराया। एटलेटिको के लिए एडेमोला लुकमैन और अलेक्जेंडर सोरलॉथ ने गोल किए। 79वें मिनट में मार्कोस लोरेंटे को रेड कार्ड मिलने के बाद टीम को अंत में 10 खिलाड़ियों के साथ संघर्ष करना पड़ा।

### ला लीगा की ताजा स्थिति

- **रियल बेटिस**- 5वें स्थान पर रहकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई किया।
- **सेल्टा विगो**- लेवांते से 3-2 की हार के बाद छठे स्थान पर खिसकी।
- **लेवांते**- विगो पर जीत के साथ ही अंक तालिका में 16वें स्थान पर पहुँच गई है।
- **एल्चे** - हार के बाद टीम रेलीगेशन जोन के करीब है।

### बार्सिलोना ने मैड्रिड को हराकर जीता टाइटल

ला लिगा के मौजूदा सीजन का खिताब बार्सिलोना ने जीता। उसने पॉइंट टेबल में 14 अंकों के भारी अंतर के साथ ला लिगा का खिताब अपने नाम किया। बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया। 97 साल बाद 'एल क्लासिको' से लीग का विजेता तय हुआ।

## एफआईएच नेशनल कप की तैयारी में जुटी भारतीय महिला हॉकी टीम, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेगी 4 मैच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाकी इंडिया ने मंगलवार को ऐलान किया कि भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। यह टूर्नामेंट 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम 21 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में ट्रेनिंग और अभ्यास मैच खेलेगी, जिससे खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट से पहले परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में मदद मिलेगी।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाएंगी 4 मैचों की सीरीज** - भारत इस दौरे के दौरान आस्ट्रेलिया बुमेन नेशनल फील्ड हाकी टीम के खिलाफ चार मैच खेलेगा। ये मुकाबले पर्थ हॉकी स्टेडियम में 26, 27, 29 और 30 मई को आयोजित होंगे। इन मुकाबलों के जरिए भारतीय टीम अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी और टीम संयोजन को मजबूत करने की कोशिश करेगी।

# सीएसके ने 24 वर्षीय ऑलराउंडर मैकनील हैडली नरोन्हा को टीम में किया शामिल

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल 2026 के बाकी मुकाबलों के लिए कर्नाटक के 24 वर्षीय ऑलराउंडर मैकनील हैडली नरोन्हा को टीम में शामिल किया है। वह चोटिल तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष की जगह लेंगे, जो अपने आईपीएल डेब्यू मैच में पैर की चोट का शिकार हो गए थे। हालांकि, अभी इस साइनिंग पर बीसीसीआई की आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंजूरी मिलने के बाद सीएसके इसकी औपचारिक घोषणा करेगी।



**कौन हैं मैकनील हैडली नरोन्हा** - मैकनील नरोन्हा घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक के लिए खेलते हैं और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर दोनों में बल्लेबाजी कर सकते हैं, जबकि ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए तीन मुकाबले खेले, जिसमें 161.11 के स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए।

**महाराजा ट्रॉफी में दिखाया दम** - नरोन्हा ने महाराजा ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा था। उन्होंने मंगलुरु ड्रैगन्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। 13 मैचों में उन्होंने 148.82 के स्ट्राइक रेट से 253 रन बनाए, जिसमें 19 छक्के शामिल थे। गेंदबाजी में भी उन्होंने 10 विकेट झटके और उनका इकॉनमी रेट 7.44 रहा।

**रेड-बॉल क्रिकेट में भी कमाल** - मैकनील सिर्फ टी20 ही नहीं, बल्कि लंबे फॉर्मेट में भी शानदार रिकॉर्ड रखते हैं। उन्होंने कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी 2024-25 में दो तिहरे शतक लगाए। उन्होंने त्रिपुरा और उत्तराखंड के खिलाफ ट्रिपल सेंचुरी जड़ी थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 14 पारियों में 1037 रन बनाए।

**सीएसके की बढ़ती इंजरी समस्या** - आईपीएल 2026 में सीएसके लगातार चोटों से परेशान रही है। रामकृष्ण घोष टीम के तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें चोट के कारण बाहर होना पड़ा। इससे पहले नाथन एलिस की जगह स्पेंसर जॉनसन और आयुष म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया गया था। वहीं खलील अहमद भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं, जबकि एमएस धोनी अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

**प्लेऑफ की रेस में बरकरार सीएसके** - सीजन की खराब शुरुआत के बाद सीएसके ने शानदार वापसी की है और टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है। चेन्नई को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बाकी तीन मुकाबलों में कम से कम दो जीत दर्ज करनी होंगी। टीम का अगला मुकाबला 15 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होगा।

### फुटबॉल प्रीमियर लीग

## टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा

लंदन। फुटबॉल प्रीमियर लीग में टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इस ड्रॉ के साथ ही टॉटेनहम 38 अंकों के साथ 17वें नंबर पर आ गया है। वहीं, लीड्स यूनाइटेड 14वें स्थान पर है। प्रीमियर लीग की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांसीसी फुटबॉलर मैथिस टेल पहले मुकाबले में हीरो बने, लेकिन उन्होंने अपनी गलती से टीम के लिए परेशानी भी खड़ी कर दी। टेल ने मैच के 50वें मिनट में पहला गोल दागा और



टॉटेनहम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने अपने ही बॉक्स में गेंद को खतरनाक तरीके से क्लियर करने का प्रयास किया और इसी कोशिश में उनका पैर एथन अमपाडू को लग गया। वीएआर जांच के बाद लीड्स यूनाइटेड को पेनल्टी मिल गई, जिसका पूरा फायदा इंग्लिश फुटबॉलर कैल्वर्ट लेविन ने उठाया। लेविन ने मैच के 74वें मिनट में हाथ आए मौके को भुनाया और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। टॉटेनहम हॉटस्पर ने इसके बाद मुकाबले में वापसी करने का काफी प्रयास किया, लेकिन लीड्स यूनाइटेड की टीम ज्यादा हावी नजर आई। मैच के अंतिम पलों में गोलकीपर किंस्की ने सीन लॉन्गस्टाफ के जबरदस्त शॉट का बेहतरीन बचाव करते हुए टीम की हार को टाला।

# आईपीएल के बाद अब होगा ईटीपीएल

राहुल द्रविड़ बने टीम के मालिक और अश्विन को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को इससे पहले कोच, मेंटोर समेत अलग-अलग जिम्मेदारियों में देखा गया है। अब वह एक नई टी20 लीग में बतौर टीम के मालिक नजर आएंगे। उन्हें कोच के तौर पर अलग-अलग तरह के मालिकों के साथ काम करने का अनुभव रहा है, जिनमें से कुछ मालिक बेहद जुनूनी रहे, जबकि कुछ दूर रहकर केवल निगरानी करने पर ध्यान देते हैं। द्रविड़ अब यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ETPL) की टीम डबलिन गार्डियंस के मालिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उन्होंने पीटीआई से बात करते हुए यह साफ कर दिया है कि वह ETPL की इस टीम के मालिक के तौर पर क्रिकेट संचालन में दखल नहीं देंगे और कप्तान रविचंद्रन अश्विन को फैसले लेने की पूरी छूट देंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह किस तरह के मालिक बनना चाहेंगे, तो द्रविड़ हंस पड़े। उन्होंने कहा, 'यह तो समय आने पर ही पता चलेगा। यह मेरे लिए पहला अनुभव होगा, इसलिए मैं खुद भी देखना चाहता हूं कि मैं इस भूमिका में कैसा रहूंगा।'



### कप्तान के कार्य में नहीं देंगे दखल

करीब 30 वर्षों तक शीर्ष स्तर के क्रिकेट से जुड़े रहने के बावजूद द्रविड़ मानते हैं कि नई जिम्मेदारी में उन्हें टीम से कुछ दूरी बनाकर रखनी होगी। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मेरी योजना क्रिकेट से जुड़े रोजमर्रा के मामलों से थोड़ी दूरी बनाकर रहने की है। मेरा मकसद ऐसी मजबूत टीम तैयार करना होगा, जो अपने स्तर पर काम कर सके। आप मुझे डगआउट में लगातार नहीं देखेंगे। मैं हर अभ्यास सत्र या हर मैच में मौजूद रहने वाला व्यक्ति भी नहीं हूं।'

राहुल द्रविड़ ने साफ किया कि वह टीम मालिक के तौर पर सीमित लेकिन सहयोगी भूमिका निभाना चाहते हैं।

## गुजरात टाइटंस शीर्ष पर

● क्लासेन ने साई से छीनी ऑरेंज कैप, भुवी का दबदबा बरकरार

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 51वें मैच में मंगलवार (12 मई) को गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे नंबर पर है। सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे नंबर पर है। दोनों के 14-14 अंक हैं। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के 12-12 अंक हैं।

ऑरेंज कैप रेस की बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने इस पर फिर से कब्जा जमा लिया। इससे पहले गुजरात टाइटंस की पारी में साई सुदर्शन ने इस पर कब्जा जमा लिया था। दोनों के 500 रन पूरे हो गए हैं। पर्पल कैप रेस में भुवनेश्वर कुमार का दबदबा बरकरार है। उन्होंने 21 विकेट झटके हैं। कगिसो रबाडा ने उनकी बराबरी कर ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### हंगरी में 16 साल बाद नई सरकार, मंत्रियों ने संभाले पदभार

**बुडापेस्ट, एजेंसी।** यूरोपीय देश हंगरी में 16 साल के बाद व्यवस्था बदल गई है। मंत्रियों ने पदभार संभाल लिए हैं। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में मंगलवार को प्रधानमंत्री पीटर मैग्यार के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल मंत्रियो को शपथ दिलाई गई। सत्ता हस्तांतरण से पहले मैग्यार की प्रो-यूरोपीय तिस्ज़ा पार्टी ने पिछले महीने ओर्बन की फ़िडेज़ पार्टी को हराकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया। इसी के साथ 16 साल से चला आ रहा ओर्बन के राजनीतिक सिस्टम का पटाक्षेप हो गया है। पीटर मैग्यार ने अपनी नीतियों का संकेत देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व वाली नई सरकार सभी हंगरीवासियों की होगी और मंत्री राष्ट्र सेवा की भावना के साथ काम करेंगे। मैग्यार ने भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, सार्वजनिक धन की वसूली, लोकतांत्रिक संस्थाओं को बहाल करने जैसे लुभावने वादे भी किए। नई सरकार में 16 मंत्रालय हैं, जिनमें स्वास्थ्य, पर्यावरण और शिक्षा के लिए अलग विभाग हैं। इसका लक्ष्य यूरोपीय संघ के जमे हुए करीब 17 अरब यूरो के फंड को वापस लाना है, जिस पर विदेश मंत्री अनीता ओर्बन ने भी जोर दिया।

### मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री जेनिफर हार्मोन का निधन

**न्यूयार्क, एजेंसी।** वन लाइफ टु लिव और हाउ टु सरवाइव ए मैरिज जैसे लोकप्रिय सोप ओपेरा के लिए मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री जेनिफर हार्मोन का निधन हो गया है। वह 82 साल की थीं। परिजनों ने बताया कि जेनिफर ने शनिवार को न्यूयॉर्क में आखिरी सांस ली। हार्मोन ने अपने लगभग पांच दशकों के करिअर में ब्रॉडवे मंच (थिएटर) पर 21 बार अपनी कला का प्रदर्शन कर विशिष्ट पहचान बनाई थी। वे रंगमंच की दुनिया का एक प्रतिष्ठित चेहरा थीं। जेनिफर हार्मोन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में हृब्ब्ष्ट के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। जेनिफर हार्मोन का जन्म 3 दिसंबर 1943 को कैलिफोर्निया के पासाडेना में हुआ था। वह न्यू ऑरलियन्स में बड़ी हुई। उन्होंने मिसिसिपी और मिशिगन विश्वविद्यालय से पढ़ाई की। इसके बाद न्यूयॉर्क जाकर उन्होंने थिएटर में काम शुरू किया। 1965 में जेनिफर ने ब्रॉडवे पर डेब्यू किया। उनके करियर में 'द स्कूल फॉर स्कैंडल', 'ब्लाइथ स्पिरिट', 'द ग्लास मेनेजरी', 'बेयरफुट इन द पार्क' जैसे कई प्रसिद्ध सीरियल्स में काम किया है। उन्होंने कई दशकों तक ब्रॉडवे पर अपनी अच्छे अभिनय का लोहा मनवाया। 'वन लाइफ टू लिव' में 1990 के दशक में वह एक वकील के रोल में भी वापस लौटी थीं। उन्होंने 'अनदर वर्ल्ड', 'गाइडिंग लाइट' और 'लविंग' जैसे कई सोप ओपेरा में भी काम किया।

### एक और पर्वतारोही की माउंट एवरेस्ट पर मौत, अब तक 3 मरे

**काठमांडू, एजेंसी।** माउंट एवरेस्ट पर एक और नेपाली पर्वतारोही की दरार में गिरने से मौत हो गई। पिछले दो हफ्तों के भीतर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर होने वाली यह तीसरी मौत है। अधिकारियों ने बताया कि 21 वर्षीय फुरा ग्यालजेन शेरपा कैंप-3 के पास बर्फ पर फिसलकर लगभग 7,200 मीटर की ऊंचाई पर हादसे का शिकार हुए। इससे पहले खूंबू आइसफॉल और बेस कैंप के रास्ते में दो अन्य नेपाली पर्वतारोहियों बिजय घिमिरे बिश्वकर्मा (35) और लक्पा देंडी शेरपा (51) की जान गई थी।

### आईडीएमसी रिपोर्ट में खुलासा : युद्ध और हिंसा ने दुनिया में मचाई तबाही, अपने ही देश में बेघर हुए 8.2 करोड़ लोग

**जिनेवा, एजेंसी।** दुनियाभर में संघर्ष, गृहयुद्ध, सांप्रदायिक हिंसा और जलवायु आपदाओं ने करोड़ों लोगों को अपने ही देश में बेघर कर दिया है। इंटरनल डिस्प्लेसमेंट मॉनिटरिंग सेंटर (आईडीएमसी) व नॉर्वेजियन रिफ्यूजी काउंसिल (एनआरसी) की ताजा ग्लोबल रिपोर्ट ऑन इंटरनल डिस्प्लेसमेंट 2026 के अनुसार 2025 के अंत तक 104 देशों में 8 करोड़ 22 लाख लोग आंतरिक रूप से विस्थापित जीवन जी रहे थे। यह संख्या जर्मनी की आबादी के बराबर है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में यह आंकड़ा दोगुने से अधिक हो गया है और पहली बार युद्ध तथा हिंसा ने प्राकृतिक आपदाओं से ज्यादा लोगों को विस्थापित किया। रिपोर्ट के मुताबिक 8 करोड़ 22 लाख विस्थापितों में 6 करोड़ 86 लाख लोग संघर्ष और हिंसा के कारण बेघर हुए। रिपोर्ट के अनुसार जून 2025 में इस्त्राइल और ईरान के बीच हुए 12 दिन के संघर्ष ने आधुनिक समय की सबसे बड़ी एकल आंतरिक विस्थापन घटना पैदा की। इस्त्राइली सैन्य कार्रवाई और निकासी चेतावनियों के बाद तेहरान से करीब एक करोड़ लोगों को भागना पड़ा।

# डेमोक्रेटिक नेताओं ने दी ईरान में बढ़े पैमाने पर युद्ध बढ़ने की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सीनेटरों ने चेतावनी दी है कि ट्रंप प्रशासन अमेरिका को मध्य पूर्व में एक और लंबे युद्ध की तरफ धकेल सकता है। ईरान के साथ चल रहे तनाव और युद्ध को लेकर अमेरिकी सीनेट में हुई एक अहम सुनवाई के दौरान नेताओं के बीच गहरे मतभेद सामने आए। इस दौरान युद्ध की बढ़ती आर्थिक और सैन्य लागत पर भी चिंता जताई गई। यह बहस उस समय हुई जब राष्ट्रपति ट्रंप के 1.5 ट्रिलियन डॉलर के रक्षा बजट प्रस्ताव पर सीनेट की रक्षा संबंधी उपसमिति में चर्चा चल रही थी। कई डेमोक्रेट सीनेटर्स ने मौजूदा हालात की तुलना अमेरिका के पुराने इराक और अफगानिस्तान युद्धों से की। उनका कहना था कि सरकार के पास इस संघर्ष को खत्म करने की कोई स्पष्ट और लंबी रणनीति दिखाई नहीं दे रही है। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि प्रशासन किसी व्यापक राजनीतिक योजना के बिना, युद्ध के मैदान में मिलने वाली छोटी-मोटी जीतों पर ही केंद्रित लग रहा है। कून्स ने कहा, 'राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में पहले एक आम सहमति हुआ करती थी कि अमेरिका को युद्ध में तभी उतरना



चाहिए जब हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर कोई खतरा हो, जब बाकी सभी विकल्प खत्म हो चुके हों, और जब हमारे पास स्पष्ट उद्देश्य और यह योजना हो कि युद्ध का अंत कैसे होगा।' कून्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से बार-बार यह सवाल किया कि प्रशासन अब तक होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह सुरक्षित क्यों नहीं बना पाया। इस समुद्री रास्ते पर ईरान के दबाव की वजह से दुनियाभर में तेल और ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार को कुछ सैन्य सफलताएं जरूर मिली हैं, लेकिन रणनीतिक स्तर पर अमेरिका को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

सीनेटर क्रिस्टोफर मर्फी ने भी सवाल उठाया कि क्या प्रशासन ईरान की, लंबे समय तक आर्थिक और सैन्य दबाव झेलने की क्षमता को कम करके आंक रहा है। मर्फी ने कहा, 'यह एक बहुत जोखिम भरी रणनीति है।' उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान तो शायद वर्षों तक प्रतिबंधों और सैन्य दबाव को झेल जाए, लेकिन अमेरिकी परिवारों को ईंधन की आसमान छूती कीमतों के कारण भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

मर्फी ने तर्क दिया कि 'इस मामले में समय हमारे पक्ष में नहीं है,' क्योंकि तेल की बढ़ती कीमतें पहले से ही अमेरिकी किसानों और आम परिवारों को नुकसान पहुंचा रही हैं।

सीनेटर पैटी मरे ने रक्षा बजट में भारी बढ़ोतरी की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार घरेलू जरूरतों से ज्यादा युद्ध पर पैसा खर्च कर रही है। मरे ने कहा, 'आप परिवारों की गाढ़ी कमाई से दिए गए टैक्स के पैसों को एक ऐसे युद्ध पर खर्च कर रहे हैं जिसका बहुत से लोग पुरजोर विरोध करते हैं। आप अगले साल के लिए युद्ध के बजट में आधा ट्रिलियन डॉलर की बढ़ोतरी करना चाहते हैं। डेमोक्रेट नेताओं ने यह सवाल भी उठाया कि क्या ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए सरकार के पास कानूनी अधिकार हैं या नहीं। उनका कहना था कि इतने बड़े संघर्ष के लिए कांग्रेस की औपचारिक मंजूरी जरूरी होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान रक्षा मंत्री हेगसेथ ने ट्रंप प्रशासन का बचाव किया। उन्होंने दावा किया कि ट्रंप ने वह हासिल किया है जो पिछली सरकारें नहीं कर सकीं। उनका कहना था कि अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबाव बनाने की ताकत है और यह अभियान ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए जरूरी है। पेंटागन अधिकारियों के मुताबिक अब तक ईरान संघर्ष पर करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं। सीनटरों ने चेतावनी दी कि अगर सैन्य अभियान लंबे समय तक जारी रहा और मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों को और नुकसान हुआ, तो यह खर्च और तेजी से बढ़ सकता है।

पूरी बहस से यह साफ दिखाई दिया कि वॉशिंगटन में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि ईरान के साथ यह टकराव आगे चलकर एक बड़े और लंबे युद्ध में बदल सकता है। ठीक ऐसे समय में अमेरिका पहले ही चीन, रूस और यूक्रेन से जुड़े मामलों में संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

## नहीं डालेंगे हथियार, इजरायल के लिए बना देंगे नरक; हिजबुल्लाह प्रमुख ने दी सीधी धमकी

**तेहरान, एजेंसी।** हिजबुल्लाह के वरिष्ठ नेता नईम कासिम ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि समूह की सैन्य क्षमताएं और हथियार पूरी तरह से लेबनान का आंतरिक मामला हैं। इजराइल के साथ चल रही शत्रुता के दौरान इन्हें किसी भी सौदेबाजी की मेज पर नहीं रखा जाएगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, कासिम ने टेलीविजन संबोधन में इजरायली सैन्य दबाव का मुकाबला करते हुए कहा कि हम मैदान नहीं छोड़ेंगे। हम इजरायल के लिए इसे नरक बना देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके लड़ाके लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इस दौरान कासिम ने लेबनानी सरकार के साथ भविष्य के सहयोग की रूपरेखा भी पेश की, जिसमें पांच प्रमुख उद्देश्य शामिल हैं... इजरायली आक्रामकता समाप्त कर लेबनान की संप्रभुता सुनिश्चित करना कब्जे वाले सभी क्षेत्रों से इजरायली सैनिकों की पूर्ण वापसी

**बंदियों की रिहाई :** विस्थापित नागरिकों की दक्षिणी लेबनान में सुरक्षित वापसी व्यापक स्तर पर पुनर्निर्माण कार्य वहीं, विदेशी हस्तक्षेप पर कासिम ने कहा कि लेबनान के बाहर किसी भी देश या पक्ष को हथियारों, प्रतिरोध आंदोलन या आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। हिजबुल्लाह प्रमुख ने साफ किया कि प्रतिरोध के हथियार अंतरराष्ट्रीय वार्ताकारों के लिए चर्चा का विषय नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह



लेबनान का आंतरिक मामला है और दुश्मन के साथ किसी भी बातचीत का हिस्सा नहीं होगा। नईम कासिम ने आगे बताया कि पांच बिंदुओं को हासिल करने के बाद लेबनान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के तहत आंतरिक मामलों को व्यवस्थित करेगा, जिसमें प्रतिरोध आंदोलन सहित अपनी सभी क्षमताओं का उपयोग किया जाएगा। बता दें कि यह बयान ऐसे समय में आया है जब लेबनान-इजरायल सीमा पर अस्थिरता बरकरार है। मई 2026 के मध्य तक अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ युद्धविराम, जो मूल रूप से 17 अप्रैल को लागू हुआ था, अब कागजी घोषणा बनकर रह गया है। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान के बफर जोन में अपनी मौजूदगी बनाए हुए है और रोजाना झड़पें जारी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्च से अब तक इजरायली बलों ने लेबनान के लगभग 6 प्रतिशत क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। बता दें कि 2 मार्च को संघर्ष बढ़ने के बाद स्थिति बेहद खराब हो गई है। अल जजीरा के अनुसार, इजरायली अभियानों में 2840 से अधिक लोग मारे गए और 8700 से ज्यादा घायल हुए हैं। एक लाख से अधिक नागरिक विस्थापित हो चुके हैं।

## धमाके से दहला पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा, आत्मघाती हमले में 9 लोगों की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक भीड़-भाड़ वाले बाजार में हुए ब्लास्ट में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 35 लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जाता है कि यह ब्लास्ट नौरंग बाजार में हुआ जो खैबर पख्तूनख्वा का काफी व्यस्त कारोबारी केंद्र माना जाता है।

**आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ाया :** प्राथमिक सूचना के मुताबिक यह एक आत्मघाती हमला था। हमलावर विस्फटकों से लैस एक ऑटो रिक्शा में सवार हो कर भीड़ भरे बाजार में पहुंचा और धमाका कर दिया। इस ब्लास्ट में दो सुरक्षा अधिकारी समेत 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 35 लोग घायल हो गए। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में हुई। जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने नौरंग बाज़ार के फाटक चौक पर विस्फोटकों से भरे अपने ऑटो रिक्शा में धमाका कर दिया।

**मृतकों में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी शामिल :** अधिकारियों ने बताया कि इस ब्लास्ट में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी और एक महिला समेत 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 35 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सराय नौरंग स्थित तहसील मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस वक्त यह आत्मघाती हमला हुआ उस वक्त बाजार में काफी भीड़-भाड़ थी। कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें आगे के इलाज के लिए बन्नू और पेशावर के अस्पतालों में रेफर कर दिया गया है। घायलों की तादाद को देखते हुए अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है और सभी मेडिकल स्टाफ को बुला लिया गया है। रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता शाहदाब खान ने बताया कि ब्लास्ट की सूचना मिलते ही राहत कार्यों के लिए घटनास्थल पर एंबुलेंस और टीमें भेजी गई। वहीं खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मुहम्मद सुहैल अफरीदी ने इस ब्लास्ट का संज्ञान लिया और पुलिस महानिरीक्षक को घटना पर एक डिटेल्ड रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, 'इस मुश्किल समय में हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं, और प्रांतीय सरकार उन्हें हर संभव मदद मुहैया कराएगी।

## अर्जेंटीना: राष्ट्रपति मिलेई के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना में मंगलवार को हजारों लोग देशभर के बड़े शहरों की सड़कों पर उतर आए। इन लोगों ने राष्ट्रपति जेवियर मिलेई की ओर से सरकारी विश्वविद्यालयों की फंडिंग में कटौती के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस संकटग्रस्त देश में सरकारी विश्वविद्यालय व्यवस्था लोगों के लिए गर्व का विषय मानी जाती है। राजधानी ब्यूनस आयर्स में भारी भीड़ ने सरकारी मुख्यालय तक रैली निकाली और विश्वविद्यालयों के बजट में कमी का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि फंड की कमी से देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था कमजोर हो रही है। अर्जेंटीना की सरकारी विश्वविद्यालय व्यवस्था देश के शिक्षित कार्यबल की मजबूत नींव मानी जाती है और मध्यम वर्ग के लिए यह गर्व की बात है। यहां 1949 से पढ़ाई मुफ्त है और इसी व्यवस्था ने पांच नोबेल पुरस्कार विजेता दिए हैं। पिछले साल संसद ने विश्वविद्यालयों के खर्च और शिक्षकों के वेतन को बढ़ती महंगाई के हिसाब से बढ़ाने के लिए कानून पारित किया था। लेकिन सरकार ने अभी तक इसे लागू नहीं किया और अदालत में इस कानून को चुनौती दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरह मिलेई भी अक्सर विश्वविद्यालय परिसरों को 'वोक विचारधारा' फैलाने वाली जगह बताते हैं। मिलेई ने सरकारी खर्च में भारी कटौती की अपनी योजना के तहत शिक्षा क्षेत्र की फंडिंग कम कर दी है। उनका कहना है कि पिछली वामपंथी सरकारों ने लापरवाही से खर्च किया, जिससे भ्रष्टाचार बढ़ा। मंगलवार के प्रदर्शन में हर उम्र और अलग-अलग राजनीतिक विचारधारा के लोग शामिल हुए। यह प्रदर्शन ऐसे समय हुआ है, जब आर्थिक गतिविधियों में गिरावट, कम होती तनख्वाह और बढ़ती बेरोजगारी के कारण मिलेई की लोकप्रियता घट रही है। हाल के दिनों में भ्रष्टाचार के कई मामलों ने भी सरकार को घेरा है। खास तौर पर कैबिनेट प्रमुख मैनुअल अडोर्नी के कथित खर्चों की जांच चर्चा में है। आरोप है कि उनका खर्च उनकी सरकारी तनख्वाह और घोषित संपत्ति से मेल नहीं खाता। एक छात्र के पोस्टर पर लिखा था, अडोर्नी पर हमारा कितना पैसा खर्च हो रहा है? विश्वविद्यालय मामलों के उप सचिव अलेजांद्रो अल्वारेज ने मंगलवार के प्रदर्शन को 'पूरी तरह राजनीतिक' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विश्वविद्यालयों के बढ़े हुए खर्च के लिए अतिरिक्त पैसा दिया है। लेकिन शिक्षक संगठनों ने इसे अपर्याप्त बताया है। सरकार का कहना है कि जिस कानून को चुनौती दी गई है, उसमें यह स्पष्ट नहीं बताया गया अब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होने की संभावना है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने देश की सर्वोच्च अदालत से 'जनता की आवाज सुनने' की अपील की। मुख्य शिक्षक संघ के अनुसार, 2023 के आखिर में मिलेई के सत्ता में आने के बाद महंगाई को देखते हुए विश्वविद्यालय शिक्षकों की वास्तविक आय में करीब 33 फीसदी की गिरावट आई है। ब्यूनस आयर्स विश्वविद्यालय के कुलपति रिकार्डो गेल्पी ने कहा कि खरीदने की क्षमता घटने के कारण इंजीनियरिंग और विज्ञान विभाग के कम से कम 580 शोध प्रोफेसरों ने सरकारी संस्थान छोड़ दिए हैं।

## अमेरिका में एफडीए प्रमुख डॉ मकरी का इस्तीफा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक संस्था एफडीए के कमिश्नर डॉक्टर मार्टी मकरी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले काफी समय से प्रशासन के भीतर और बाहर से उन पर दबाव बनाया जा रहा था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी पुष्टि की। ट्रंप ने मकरी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक कठोर परिश्रमी डॉक्टर बताया। हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि ट्रंप उन्हें बर्खास्त करने की योजना को पहले ही मंजूरी दे चुके थे। अब उनकी जगह काइल डायमांटास कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**फ्लेवर्ड ई-सिगरेट पर छिड़ा था 'शीत युद्ध' :** डॉक्टर मकरी के इस्तीफे के पीछे सबसे बड़ी वजह ई-सिगरेट नीति को माना जा रहा है। पिछले सप्ताह एफडीए ने पहली बार फ्रूट-फ्लेवर्ड ई-सिगरेट को बाजार में उतारने की मंजूरी दी थी। मकरी इस फैसले के सख्त खिलाफ थे। उनका मानना था कि फलों के स्वाद वाले वेप्स बच्चों और युवाओं को नशे की लत में धकेल देंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इसी वैचारिक मतभेद के कारण उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। प्रशासन के अन्य अधिकारी इस मंजूरी के पक्ष में थे, जिससे टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी।

**आंतरिक कलह के बाद शीर्ष अधिकारियों का पलायन :** मकरी का एक साल का कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। उनके नेतृत्व में एफडीए के भीतर भारी अस्थिरता देखी गई। एजेंसी के लगभग सभी वरिष्ठ करियर अधिकारियों ने या तो इस्तीफा दिया या उन्हें हटा दिया गया। हेल्थ सेक्रेटरी रॉबर्ट एफ केनेडी जूनियर के हस्तक्षेप और राजनीतिक हितों के कारण वैज्ञानिक सिद्धांतों से समझौते के आरोप लगे। ड्रग सेंटर में एक साल के भीतर छह अलग-अलग निदेशक बदले गए। इससे कर्मचारियों का मनोबल गिर गया और एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे।

**फार्मा दिग्गज और एक्टिविस्ट भी थे नाराज :** डॉक्टर मकरी को चौतरफा विरोध का सामना करना पड़ा। फार्मा कंपनियों के सीईओ उनकी नीतियों से असंतुष्ट थे। उनका आरोप था कि मकरी की कार्यशैली से दवाओं की मंजूरी में अनिश्चितता पैदा हुई है। दूसरी ओर, गर्भपात विरोधी समूह भी उन पर हमलावर थे। इन समूहों का आरोप था कि मकरी गर्भपात की दवा मिफेप्रिस्टोन की समीक्षा में जानबूझकर देरी कर रहे हैं। वहीं, वेपिंग लॉबिस्टों ने ट्रंप से शिकायत की थी कि मकरी उनके उत्पादों के रास्ते में रोड़ा अटका रहे हैं।

**अधर में लटकीं मकरी की नई योजनाएं :** मकरी ने दवा समीक्षा प्रक्रिया को तेज करने के लिए कई पहल की थीं। उन्होंने इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल पर जोर दिया था। लेकिन उनके इस्तीफे के बाद इन योजनाओं का भविष्य धुंधला गया है। इनमें से अधिकांश कार्यक्रमों को अभी तक कानूनी रूप से लागू नहीं किया गया था। ऐसे में नए प्रमुख इन फैसलों को आसानी से पलट सकते हैं। विपक्षी दल भी इन योजनाओं की वैधता पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं।

## ईरान पर नई मुसीबत, अमेरिका से तनाव के बीच भूकंप से दहली राजधानी तेहरान



**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका के साथ युद्ध के बीच ईरान पर नई मुसीबत आ गई है। खबर है कि मंगलवार को राजधानी तेहरान में भूकंप आया है। इसकी तीव्रता 4.6 मापी गई है। हालांकि, इस दौरान किसी जान और माल के नुकसान की खबर नहीं है। फिलहाल, मुल्क के कई शहरों में राहत टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। इससे पहले 3 मार्च को भी ईरान के गेराश क्षेत्र में भूकंप आया था, जिसकी तीव्रता 4.3 रही थी। आईआरआईबी यानी इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के अनुसार, भूकंप के एक घंटे के बाद तक भी नुकसान की कोई खबर नहीं थी। साथ ही कहा गया है कि इस दौरान किसी तरह का आर्थिक नुकसान भी नहीं हुआ है। एजेंसी ने लिखा, 'तेहरान, माजनदरान, कोम और अलबोर्ज में रेड क्रीसेंट फोर्सेज को अलर्ट पर रखा गया है।' शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया है कि भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी नीचे तेहरान-माजनदरान प्रांत सीमा के पास था। यह राजधानी तेहरान से 41 किमी और करज से 77 किमी दूरी पर है। भूकंप के झटके तेहरान प्रांत के पूर्वी हिस्सों और माजनदरान प्रांत के शहरों में महसूस किए गए हैं। 3 मार्च को आए भूकंप का केंद्र भूमि की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी कम गहराई वाले भूकंप प्राकृतिक टेक्टोनिक गतिविधियों से जुड़े होते हैं और इस भूगर्भीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में ऐसे झटके असामान्य नहीं माने जाते। 28 फरवरी से शुरू हुए ईरान और अमेरिका युद्ध के बाद अब तक स्थायी समझौता नहीं हो सका है। हाल ही में दोनों मुल्कों के बीच शांति प्रस्ताव एक बार फिर खारिज हो गया है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर ईरान डील नहीं करता है, तो वह उस मुल्क को खत्म कर देंगे। साथ ही कहा है कि स्थिति अमेरिका के नियंत्रण में है और ईरान को खत्म करने के लिए उन्हें चीन की जरूरत नहीं है। एजेंसी वार्ता ने सीएनएन के हवाले से लिखा है कि ट्रंप पश्चिमी एशिया में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इससे पहले, ट्रंप के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि वाइट हाउस होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। ट्रंप को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होर्मुज के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है।

## ट्रंप के रक्षा बजट पर बवाल: ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान, हेगसेथ बोले- अब भी हमारे हाथ में सारे पत्ते

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का जोरदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि तमाम तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के बावजूद अमेरिका अब भी सभी पत्ते अपने हाथ में रखता है। सीनेट विनियोग उपसमिति के समक्ष रक्षा मामलों की सुनवाई के दौरान हेगसेथ ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ तीखी बहस की। इस बैठक में जॉइंट चीफ्स चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे। सुनवाई का मुख्य मुद्दा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रस्तावित 1.5 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट, ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से बढ़ती तेल कीमतें और चीन-यूक्रेन को लेकर अमेरिकी रणनीति रही। हेगसेथ ने कहा कि ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने दावा किया कि 47 वर्षों से ईरान अमेरिका पर हमला करता रहा है और परमाणु हथियार कार्यक्रम को लेकर झूठ बोलता रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने आखिरकार कार्रवाई करने का साहस दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की पूरी पारंपरिक नौसेना अब फारस की खाड़ी के तल में पड़ी है और मौजूदा स्थिति में अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबदबा है। हालांकि डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रंप प्रशासन की रणनीति पर गंभीर सवाल उठाए। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह युद्ध बिना किसी स्पष्ट लक्ष्य और अंत की योजना के लड़ा जा रहा है, जिसकी कीमत अमेरिकी जनता चुका रही है। वहीं सीनेटर पैटी मरे ने बढ़ती ईंधन और खाद्य कीमतों के बीच भारी रक्षा खर्च पर सवाल उठाए। पेंटागन के मुताबिक ईरान



संघर्ष पर अब तक करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं, हालांकि अमेरिकी सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का पूरा आकलन अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने को लेकर उठा। वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम इस समुद्री मार्ग में व्यवधान के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास 'सैन्य विकल्प मौजूद हैं', लेकिन वाशिंगटन अब भी बातचीत के जरिए समाधान चाहता है ताकि ईरान 'अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में समुद्री डकैती' बंद करे। जॉइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी माना कि ईरान अपनी सैन्य गतिविधियों के जरिए दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने सैन्य योजनाओं पर सार्वजनिक रूप से ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। सुनवाई में मिच मैककोनेल ने नाटो सहयोगियों और यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे समय में जब अमेरिका के विरोधी देश एकजुट हो रहे हैं, सहयोगियों से दूरी बनाना खतरनाक हो सकता है। वहीं चीन को लेकर भी अमेरिका की रणनीति पर चर्चा हुई। ट्रंप की संभावित बीजिंग यात्रा से पहले मैककॉनेल ने पूछा कि क्या ताइवान और दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी प्रतिबद्धताएं कायम रहेंगी। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों जापान, ताइवान और फिलीपींस के साथ साझेदारी और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नीट पेपर लीक :पीलीभीत में एनएसयूआई का जोरदार प्रदर्शन, प्रधान का पुतला दहन

लखीमपुर खीरी (एजेंसी)। यूपी के लखीमपुर खीरी के नौरंगाबाद स्थित गंगोत्री नगर में नीट अभ्यर्थी रितिक मिश्रा का शव बृहस्पतिवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। मूल रूप से धौरहरा क्षेत्र के कटौली गांव निवासी रितिक हाल ही में कानपुर में राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) देकर लौटा था। परिजनों के अनुसार नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद से रितिक मानसिक तनाव में था। मृतक के पिता अनूप मिश्रा ने बताया कि रितिक ने तीसरी बार परीक्षा दी थी। इससे पहले उसके कम नंबर आए थे। इस बार उसे उम्मीद थी कि वह नीट क्लीयर कर लेगा, लेकिन पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से वह दुखी हो गया। परिजन उसे लगातार समझ रहे थे, लेकिन उसने किसी वक्त आत्मघाती कदम उठा लिया। छात्र की मौत से माता-पिता रो-रोकर बेहाल हैं। पड़ोसी भी घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने बताया कि रितिक पढ़ने में बहुत होशियार था। वह ऐसा कदम उठा लेगा, यह किसी ने नहीं सोचा। घटना के लोग नीट कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को कोसते दिखे। वहीं छात्र की मौत होने की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## लाल किला विस्फोट केस : एनआईए ने 10 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आज लाल किला इलाके में कार बम विस्फोट मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। पिछले वर्ष 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस उच्च तीव्रता के विस्फोट में 11 लोगों की मौत थी, कई लोग घायल हुए थे और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। एनआईए के अनुसार, मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी (मृत) समेत सभी 10 आरोपी अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) का एक सहयोगी संगठन है। आरोपपत्र यहां पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल किया गया। गृह मंत्रालय ने जून 2018 में एक्यूआईएस और उससे जुड़े सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया था।

## पवन खेड़ा गुवाहाटी पहुंचे, पुलिस के सामने पेशी

गुवाहाटी (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और प्रवक्ता पवन खेड़ा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी से जुड़े आरोपों के मामले में गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद खेड़ा ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। यह मामला मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुयान सरमा पर खेड़ा द्वारा लगाए गए पासपोर्ट विवाद के आरोपों से जुड़ा है, इसके तहत खेड़ा को पुलिस के सामने पेश होना पड़ा। यह विवाद अप्रैल में तब शुरू हुआ जब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिनिकी सरमा के पास भारत, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र के तीन पासपोर्ट हैं। खेड़ा ने दुबई में उनकी कुछ अज्ञात संपत्तियों और अमेरिका के व्योमिंग में एक कंपनी होने का दावा किया था। हालांकि, सरमा परिवार ने इन दावों को पुरजोर खंडन कर इन्हें पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूहों द्वारा प्रसारित एआई-निर्मित मनगढ़ंत कहानियाँ बताया था। आरोपों के जवाब में, मुख्यमंत्री सरमा ने पहले ही कड़ी कार्रवाई की कसम खाकर कांग्रेस नेताओं को चेतावनी दी थी। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा था कि आरोप लगाने से पहले उन्हें विदेश मंत्री से पूछना चाहिए था। सीएम सरमा ने सुझाव दिया था कि राहुल गांधी ने खेड़ा को ये फर्जी दस्तावेज दिए और कहा था, हमें डराने की कोशिश मत करो। यह असम है, और हम लोगों ने इस्लामी आक्रमण के खिलाफ 17 बार लड़ाई लड़ी है। मुख्यमंत्री ने दावा भी किया था कि पुलिस के उनके दिल्ली आवास पर जाने के बाद खेड़ा हैदराबाद भाग गए थे। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने खेड़ा को अग्रिम जमानत दी थी, जो सरमा को कथित रूप से बदनाम करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोपों से संबंधित है।

## पत्नी के कैरेक्टर पर था शक, सोते समय कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या

कोटपूतली (एजेंसी)। कोटपूतली बहरोड जिले में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर में बंद कर दिया और फिर खाटू श्याम मंदिर दर्शन करने चला गया। तीन दिन बाद घर से बदबू आने पर पड़ोसियों को शक हुआ तो पुलिस को सूचना दी। आरोपी के गांव लौटते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। यह घटना महतवास गांव की है, जो मांडण थाना क्षेत्र में आता है। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस का कहना है कि कपिल सेन ने अपनी पत्नी मोनिका (36) की सोते समय कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। नीमराणा एडिशनल एसपी ने बताया कि 10 मई की सुबह सूचना मिली थी कि महतावास गांव में कपिल सेन के मकान से बदबू आ रही है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। घर के अंदर जाकर देखा तो कपिल सेन की पत्नी मोनिका का शव खून से लथपथ हालत में बेड पर पड़ा था। दीवारों और जमीन पर खून के निशान थे। इसके बाद जब पति 12 मई को गांव लौटा तो उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## फिल्म में महिला पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पंजाबी एक्टर फिर विवादों में

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता योगराज सिंह फिर विवादों में घिर गए हैं। उनके खिलाफ चंडीगढ़ के एसएसपी को एक औपचारिक शिकायत दी गई है। यह शिकायत उनकी वायरल क्लिप में महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही एक महिला को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के संबंध में दर्ज करवाई गई है। फिल्मों में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक और गलत शब्दावली के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से फिल्म के निर्देशक/निर्माताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एडवोकेट उज्ज्वल भसीन द्वारा दी गई इस शिकायत में योगराज सिंह समेत उक्त कंटेंट के निर्माण, निर्देशन और प्रसारण से जुड़े लोगों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त टिप्पणी महिलाओं के प्रति अपमानजनक और अभद्र है। आरोप है कि इस दौरान योगराज सिंह द्वारा की गई एक टिप्पणी महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक और अपमानजनक है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वायरल वीडियो में इस्तेमाल की गई भाषा महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है।

# अदालत पहुंची ममता बोलीं- हिंसा में बच्चों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों को नहीं बख्शा

### -कोर्ट रूम से बाहर ममता की मौजदूगी में लगे चोर-चोर के नारे



कोलकाता (एजेंसी)। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील के रूप में अपनी पहली उपस्थिति दी। उन्होंने विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में हुई हिंसा से संबंधित मामले में न्यायमूर्ति के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं। ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट को 10 मृतकों की सूची सौंपी, जिसमें से छह के हिंदू होने का दावा है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाकर कहा कि पुलिस की मौजूदगी में घरों और कार्यालयों को लूटा जा रहा था, लेकिन इन मामलों में प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हुई। उन्होंने एक 92 वर्षीय अनुसूचित जाति की विधवा और उसके परिवार को घर से बेदखल करने का मुद्दा भी उठाया। कलकत्ता हाईकोर्ट में तस्वीरें दिखाते हुए ममता बनर्जी अत्यंत भावुक हो गईं और बताया कि हिंसा में बच्चों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों तक को नहीं बख्शा गया। उन्होंने खुलासा किया कि उनके अपने परिवार की 12 साल की बच्चियों को बलात्कार की धमकियां दी गई हैं। उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट से तत्काल बंगाल के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई, क्योंकि अपराधी कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं।

अपनी दलीलों के दौरान, ममता ने राज्य प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पुलिस के सामने दुकानें और घर तोड़े जा रहे हैं, और मछली बाजारों को भी निशाना बनाया गया था। उन्होंने विनम्र निवेदन किया कि बंगाल के लोगों की रक्षा की जाए। फरार पार्टी कार्यकर्ताओं का विवरण देकर उन्होंने कहा कि बंगाल कोई ऐसा राज्य नहीं है, जहां बुलडोजर चलाया जा सके। हम लोगों ने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में तोड़फोड़ की गई दुकानों और घरों का विवरण दिया है। पूर्व सीएम ममता ने कहा कि अनाधिकृत संरचना को ध्वस्त करते वक्त भी व्यक्तियों को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने सवाल उठाया कि अपराधी कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, तब पुलिस को अपराध रोकना चाहिए, न कि घटना घटने के बाद जांच करनी चाहिए? उन्होंने कहा कि पुलिस का कोई अस्तित्व ही नहीं है।

दरअसल, हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद पूरे राज्य में हिंसा की खबरें सामने आई थीं, जिसके बाद टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी के बेटे शीर्षान्य बंदोपाध्याय ने कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका में पार्टी कार्यालयों, कार्यकर्ताओं पर हमलों और उनके विस्थापन का आरोप लगाया गया है। ममता ने मुख्य न्यायाधीश एचसी सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं।

वहीं, जैसे ही ममता अपनी दलीलें पूरी कर कोर्ट रूम से बाहर निकलीं, वहां मौजूद लोगों ने उनके खिलाफ चोर-चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इन सबके बावजूद ममता बनर्जी ने अपनी कानूनी लड़ाई जारी रखने और बंगाल के लोगों के हक में खड़े रहने का संकल्प लिया।

## राहुल गांधी की विदेश यात्राओं के खर्च पर बीजेपी के सवाल- संबित पात्रा ने कहा- आय से अधिक खर्च किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी की घोषित आय और विदेश दौरों पर हुए कथित खर्च के बीच अंतर को लेकर कई सवाल उठाए। संबित पात्रा ने दावा किया कि वर्ष 2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी ने 54 निजी विदेश यात्राएं की हैं, जिन पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दौरों में किसी भी सरकारी या संसदीय यात्रा को शामिल नहीं किया गया है और यह पूरी तरह निजी यात्राएं थीं। भाजपा नेता ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि राहुल गांधी की घोषित आय लगभग 11 करोड़ रुपये है, तो फिर विदेश यात्राओं पर कथित रूप से 60 करोड़ रुपये कैसे खर्च किए गए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से इन यात्राओं के वित्तीय स्रोतों को सार्वजनिक करने की मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संबित पात्रा ने कहा कि देश को यह जानने का अधिकार है कि विपक्ष के प्रमुख नेता की विदेश यात्राओं का खर्च कौन उठा रहा है। भाजपा ने इसे पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा मुद्दा बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा।

## बंगाल में पशु वध पर शुभेंदु सरकार सख्त, बकरीद पर संकट के बादल

### अनिवार्य फिटनेस सर्टिफिकेट के बिना पशुबध नहीं



लखनऊ (एजेंसी)। कोलकत्ता (ईएमएस)।पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार ने पशु वध को लेकर कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार ने बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 और 2018 के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर एक नोटिस जारी किया है। यह आदेश 26 मई को मनाई जाने वाली ईद उल-अजहा (बकरीद) से ठीक पहले सामने आया है, जिससे राज्य की सियासत गर्मा गई है।

नए नियमों के अनुसार, अब अनिवार्य फिटनेस सर्टिफिकेट के बिना किसी भी मवेशी या भैंस के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लागू होगा। यह प्रमाणपत्र नगर पालिका या पंचायत समिति के अध्यक्ष द्वारा सरकारी पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से दिया जाएगा। दोनों अधिकारियों को लिखित में इस बात पर सहमत होना होगा कि पशु वध के योग्य है। प्रमाणपत्र केवल तभी मिलेगा जब पशु की आयु 14 वर्ष से अधिक हो, या वह वृद्धावस्था, चोट, विकृति या किसी लाइलाज बीमारी के कारण स्थायी रूप से अक्षम हो गया है।

वहीं अधिकारी सरकार ने सार्वजनिक वध पर रोक लगा दी है। पशुओं का वध केवल नगर पालिका की वधशाला या स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट वधशाला में ही हो सकता है। बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 का उल्लंघन गंभीर अपराध माना जाएगा, जिस पर छह महीने तक की जेल, 1,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को फिटनेस सर्टिफिकेट देने से मना किया जाता है, तब वह इस निर्णय के विरुद्ध 15 दिनों के भीतर राज्य सरकार के पास अपील कर सकता है।

बात दें कि ममता बनर्जी के 15 साल के शासन को समाप्त करने के बाद सत्ता में आई शुभेंदु अधिकारी सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर निर्णयों की झड़ी लगा दी है। हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटें जीतकर निर्णायक जनादेश पाया है, जो पिछले चुनाव की 77 सीटों के मुकाबले एक बड़ी छलांग है। तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों पर सिमटकर दूसरे स्थान पर रही है। ये कड़े नियम नई सरकार की नीतिगत प्राथमिकताओं का संकेत देते हैं।

# पी में आंधी-तूफान का कहर, 90 से ज्यादा मौतें, सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल उखड़े



लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तूफान में सैकड़ों पेड़ उखड़ गए। बिजली के पोल गिरे। फसलें बर्बाद हो गईं। आंधी-तूफान की चपेट में आकर 90 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन-प्रशासन की टीमें नुकसान के आकलन और प्रभावितों को फौरी मदद पहुंचाने की कोशिशों में जुटी हैं।


गौरतलब है कि बुधवार को यूपी के कई हिस्सों में तेज आंधी, बारिश कहर मचाया। पेड़ और पोल गिरने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इस बीच राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में हादसों की चपेट में आकर कई लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा जनहानि बनारस, प्रयागराज और कानपुर मंडल में देखी गई है। भदोही में 18 लोगों की मौत की सूचना है। प्रयागराज में 17 और मिर्जापुर में 15 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह उन्नाव में 10 बरेली-प्रतागढ़ में 4-4 और सीतापुर, कानपुर, संभल, हरदोई और चंदौली में दो-दो लोगों की मौत हो गई है। शाजहांपुर, लखीमपुर में भी एक-एक व्यक्ति की मौत की रिपोर्ट है।

आंधी की शक्ल में आए तूफान ने कच्चे और फूस के मकान उजाड़ दिए। टेन शेड हवा में उड़ गए। रास्तों पर पेड़ गिरने से यातायात भी बाधित रहा और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। स्थानीय प्रशासनिक टीमें राहत-बचाव अभियान में जुटी रहीं। रास्तों से पेड़ हटाने और पोल को किनारे करके यातायात व्यवस्था सुचारू करने की मुहिम चली। इसी बीच बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त करने के प्रयास जारी रहे। इसके अलावा जिन जगहों पर जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। शासन-प्रशासन उसकी रिपोर्ट तैयार करके, पीड़ित परिवारों की मदद में लगा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावितों की हरसंभव मदद की जाए। सीएम ने कहा कि 24 घंटे के पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ऐसा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनहानि का संज्ञान लेते हुए 24 घंटे के अंदर पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश दिया है। उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनी से नुकसान का सर्वेक्षण कराकर शासन को भी अवगत कराने का आदेश दिया है।

## मैंने पहले से काफिले को छोटा किया और मंत्रियों-विधायकों के वेतन में की कटौती

### -सीएम सुक्खू बोले-बीजेपी ने अपने शासनकाल में फिजूलखर्ची कर संपदा को लूटा



मंडी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि प्रदेश के राज्यपाल ने अगर अपने काफिले में वाहनों की कटौती की है तो यह स्वागत योग्य कदम है। मंडी में नगर निगम चुनावों के प्रचार के दौरान सीएम सुक्खू ने कहा कि वे खुद इलेक्ट्रिक कार में सफर करते हैं, जो काफी छोटी है और उसका खर्च पेट्रोल से भी कम है। उन्होंने अपने काफिले के अलावा मंत्रियों के काफिलों में भी पहले से कटौती कर रखी है। इसके अलावा मंत्रियों के वेतन में 30 प्रतिशत, जबकि विधायकों के वेतन में 20 प्रतिशत की अस्थाई कटौती की है। सरकार के इन्हीं प्रयासों से प्रदेश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम सुक्खू ने विपक्षी दल बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी ने अपने शासनकाल में फिजूलखर्ची कर प्रदेश की संपदा को लुटाने का काम किया है। हजारों करोड़ के भवन खड़े कर दिए, जिनका आज कोई लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। अब बीजेपी सत्ता में आने के सपने देख रही है, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि इसके लिए जनता की कसौटी पर खरा उतरना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हिमाचल के लिए 1500 करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा करके गए थे, जोकि प्रदेश को आज दिन तक नहीं मिला। इस विषय पर किसी भी बीजेपी नेता ने कभी बात नहीं की। प्रदेश सरकार लगातार आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है, जिसके जल्द सार्थक परिणाम नजर आएंगे। शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से गायनी वार्ड को शिफ्ट करने पर हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक पर सीएम सुक्खू ने कहा कि गायनी वार्ड को आईजीएमसी में इसलिए शिफ्ट किया गया था, ताकि वहां पर रोबोटिक सर्जरी हो सके। यह सब डॉक्टरों की मांग पर ही किया गया था। अब कुछ लोग इस फैसले के विरुद्ध में कोर्ट गए हैं। कोर्ट के फैसले का सरकार स्टडी करेगी।

# पूर्व सीएम अखिलेश के घर पहुंचते ही अपर्णा ने की बंद कमरे में बात

### बाहर खड़ा रहा पूरा परिवार



लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन के बाद उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। बुधवार को लखनऊ के कालिदास मार्ग स्थित उनके आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी वहां पहुंचे। अखिलेश यादव ने प्रतीक के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और अपर्णा यादव से बंद कमरे में काफी देर तक बातचीत की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शाम करीब चार बजे श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उन्होंने परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और इसे एक अत्यंत दुखद क्षति बताया। शोक की इस घड़ी में राजनीतिक मतभेद पीछे छूट गए; जहाँ एक ओर शिवपाल यादव और डिंपल यादव ने परिवार को संभाला, वहीं भाजपा सांसद साक्षी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और कई अन्य दलों के नेता भी ढांढस बंधाने पहुंचे। अखिलेश यादव और साक्षी महाराज के बीच हुई भावुक मुलाकात भी चर्चा का विषय रही।

प्रतीक यादव के स्वास्थ्य को लेकर अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रतीक अपनी फिटनेस को लेकर काफी सजग थे। हालांकि, डॉक्टरों के अनुसार वे पल्मोनरी एंबॉलिज्म नामक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, जिसमें फेफड़ों की धमनियों में खून के थक्के जम जाते हैं। मई के पहले सप्ताह में उनके पैर की सर्जरी भी हुई थी, जिसके बाद से उन्हें चलने-फिरने में समस्या और सूजन की शिकायत थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात जब प्रतीक की तबीयत बिगड़ी, तब घर पर उनकी दोनों बेटियां और घरेलू स्टाफ ही मौजूद था। सुबह करीब पांच बजे स्टाफ ने उन्हें कमरे में अचेत अवस्था में पाया। सिविल अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, जब उन्हें सुबह छह बजे अस्पताल लाया गया, तब उनकी सांसें थम चुकी थीं। प्रतीक यादव के निधन से यादव परिवार और उनके समर्थकों के बीच गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। सैफई से लेकर लखनऊ तक हर कोई अपने प्रिय प्रतीक को अंतिम विदाई देने की तैयारी में जुटा है।

## शांति की भाषा पर संघ के साथ दिखे पूर्व सेना प्रमुख

### पाकिस्तान के साथ बातचीत पर दिया जोर



मुंबई (एजेंसी)। भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने पाकिस्तान के साथ भविष्य के संबंधों और संवाद को लेकर एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के उस बयान का पुरजोर समर्थन किया है, जिसमें पाकिस्तान के साथ बातचीत और जन-संपर्क (पीपुल-टू-पीपुल कॉन्टैक्ट) को महत्व देने की बात कही गई थी। पूर्व सेना प्रमुख ने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और बेहतर द्विपक्षीय संबंधों के लिए नागरिकों के बीच आपसी संवाद एक प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है।

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जनरल नरवणे ने कहा कि सीमा के दोनों ओर रहने वाले आम लोगों की बुनियादी समस्याएं-रोटी, कपड़ा और मकान-एक जैसी हैं। उन्होंने तर्क दिया कि राजनीति से दूर, जब दोनों देशों के आम नागरिकों के बीच मित्रता और विश्वास का भाव पैदा होगा, तभी दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों में सुधार की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रैक-टू कूटनीति यानी अनौपचारिक बातचीत और खेल आयोजनों जैसे माध्यमों से लोगों के बीच जुड़ाव होना चाहिए। पूर्व सेना प्रमुख के अनुसार, हमारे नागरिकों को यह समझना आवश्यक है कि सीमा पार रहने वाला हर व्यक्ति कट्टर दुश्मन नहीं होता।

हालांकि, शांति और संवाद की वकालत करने के साथ-साथ जनरल नरवणे ने भारत की सैन्य दृढ़ता को लेकर भी कड़ा संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बातचीत की इच्छा रखने का अर्थ यह कतई नहीं है कि भारत अपनी सैन्य शक्ति का उपयोग नहीं कर सकता। उनके शब्दों में, भारत हमेशा शांति की भाषा बोलने वाला देश रहा है, लेकिन यदि राष्ट्रीय सुरक्षा की बात आती है, तो हम जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग करने से बिल्कुल नहीं हिचकिचाएंगे। यह बयान दत्तात्रेय होसबोले के उस हालिया बयान की निरंतरता में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व ने भारत का भरोसा खो दिया है, इसलिए अब वहां के नागरिक समाज और आम लोगों को संवाद की कमान संभालनी चाहिए। जनरल नरवणे और संघ के नेता की इस जुगलबंदी ने रक्षा और कूटनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या भारत अब पाकिस्तान के साथ नागरिक कूटनीति के जरिए नए रास्ते तलाशने की तैयारी में है।

# देश में मौसम का दोहरा मिजाज: एक ओर झुलसाती गर्मी, दूसरी ओर तूफान और मौतें



नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में वर्तमान समय मौसम का दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। एक ओर राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जो लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में ओले, तेज हवाओं और बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया। इस दौरान बिहार, महाराष्ट्र और केरल में आंधी-तूफान व बिजली गिरने से कुल 15 लोगों की दुखद मौत हो गई। राजस्थान का बाड़मेर 48.3 डिग्री सेल्सियस के साथ देश का सबसे गर्म स्थान दर्ज किया गया। फलौदी, चित्तौड़गढ़ और बीकानेर जैसे अन्य शहरों में भी पारा 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जिससे भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है।

वहीं उत्तर प्रदेश के संभल में बुधवार को दिन में अचानक अंधेरा छा गया और तेज धूल भरी आंधी चली, जबकि मेरठ में जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य के 38 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम में भी 46.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, लेकिन निवाड़ी के बीजौर में तेज आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। हरियाणा के पिनगवा में भी ओलावृष्टि हुई, जबकि पंचकूला, यमुनानगर, करनाल और गुरुग्राम में तेज बारिश दर्ज की गई। मौसम की इस अप्रत्याशितता के कारण बिहार के जमुई और बांका में बिजली गिरने से एक बच्चे सहित 5 लोगों ने जान गंवा दी। महाराष्ट्र के सांगली में तेज आंधी से मंदिर की दीवार ढहने से 6 लोगों की मौत हो गई, वहीं केरल के मलप्पुरम में भी बिजली गिरने से 4 लोगों की जान चली गई।

आगामी दो दिनों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी यूपी में बारिश व तेज हवाओं का अनुमान है, जबकि राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण लू का अलर्ट जारी किया गया है। इन सबके बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून इस हफ्ते के अंत तक अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह तक पहुंच सकता है, जो सामान्य समय से पहले है और राहत की उम्मीद जगा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित,
मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com